दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 437

## संक्षिप्त खबरें ।

### पृथ्वी की ओर तेजी से आ रहा है 500 फुट लंबा एस्टेरॉयड, नासा ने जारी किया अलर्ट



लोक तंत्र की आवाज़

**नई दिल्ली ।** नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (खढछ) ने चेतावनी दी है कि एक विशाल क्षुद्रग्रह आज पृथ्वी की ओर आ रहा है, जो 500 फुट लंबा, इमारत के आकार का है. हालांकि, इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है. यह घटना वैज्ञानिकों के लिए हमारे सौरमंडल की उत्पत्ति के रहस्यों को जानने का एक शानदार मौका है. बता दें, नासा एस्टेरॉयड की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखता है. आधुनिक तकनीक का उपयोग कर नासा उन संभावित खतरों की पहचान करता है जो भविष्य में किसी गंभीर परेशानी का कारण बन सकते हैं. पिछले उदाहरण, जैसे कि डायनासोरों के विलुप्त होने के लिए जिम्मेदार ङ्कॅ७४'४ु एस्टेरॉयड, यह साबित करते हैं कि इन खगोलीय घटनाओं पर नजर रखना कितना जरूरी है. एस्टेरॉयड 2020 हॅ, एक महत्वपूर्ण शोध अवसर प्रदान करता है. इसकी निकटता वैज्ञानिकों को डेटा एकत्र करने और भविष्य में एस्टेरॉयड के पथ की सटीक भविष्यवाणी करने में मदद करेगी।

**क्या होता है एस्टेरॉयड? :** एस्टेरॉयड सौरमंडल की शुरुआत से जुड़ी प्राचीन चट्टानें हैं, जो लगभग 2.07 अरब साल पहले बनी थीं. इन्हें छोटे ग्रह भी कहा जाता है. ये सूर्य की परिक्रमा करते हैं और इनमें वातावरण नहीं होता है, जैसा कि ग्रहों में होता है. इनकी खासियत यह है कि ये ज्यादातर अपने प्रारंभिक स्वरूप में बने रहते हैं, जिससे ये हमारे ब्रह्मांड के इतिहास के कैप्सूल की तरह होते हैं।

**अनुसंधान के रोमांचक अवसर:** एस्टेरॉयड के अध्ययन से हमें न केवल ब्रह्मांड की बेहतर समझ मिलती है, बल्कि पृथ्वी की सुरक्षा के लिए भी जरूरी कदम उठाने में मदद मिलती है. हालांकि, एक बड़े एस्टेरॉयड के धरती के पास से गुजरने की घटना थोड़ी चिंताजनक हो सकती है. यह वैज्ञानिक खोजों के लिए कई नए दरवाजे खोलती है. नासा की सतर्क निगरानी हमें समय पर सचेत करती रहती है।

# उपचुनाव: वायनाड की जनता ने संविधान को मजबूत करने का काम किया : प्रियंका गांधी

लोक तंत्र की आवाज़



**वायनाड।** कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आज वायनाड में होंगी। वो उपचुनाव के लिए प्रचार करने पहुंचेंगी। इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में वायनाड की जनता को खूब सराहा। कहा कि यहां के लोगों ने लोकतंत्र की भावना को बखूबी समझा है और उसे मजबूत भी किया है। प्रियंका गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ₹वायनाड की जनता पहले भी सत्य, न्याय और लोकतंत्र के साथ खड़ी हुई है और संविधान की भावना को मजबूत करने का काम किया है। वायनाड के लोग आगे भी संविधान और लोकतंत्र को मजबूत करते हुए विकास और प्रगति का नया अध्याय लिखेंगे। जनता का जोश और उत्साह देखने लायक है।₹वायनाड की जनता पहले भी सत्य, न्याय और लोकतंत्र के साथ खड़ी हुई है और संविधान की भावना को मजबूत करने का काम किया है। वायनाड के लोग आगे भी संविधान और लोकतंत्र को मजबूत करते हुए विकास और प्रगति का नया अध्याय लिखेंगे। जनता का जोश और उत्साह देखने लायक है।

इसके साथ ही प्रियंका गांधी ने बताया कि वो सोमवार को वायनाड की जनता के साथ संवाद करेंगी। दरअसल, देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी को उम्मीदवार बनाया है, जो पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के रायबरेली सीट चुनने के बाद खाली हो गई थी।बता दें कि इससे पहले शनिवार को प्रियंका गांधी ने वायनाड की जनता के नाम एक पत्र लिखा था। जिसमें उन्होंने हाल ही में वायनाड में आई त्रासदी का जिक्रकरते हुए लिखा था कि 'वायनाड के मेरे प्यारे बहनों और भाइयों। मैं अपने भाई के साथ कुछ महीने पहले चूरामाला और मुंडक्कई गई थी। मैंने वहां भूस्खलन से हुई तबाही और आपके नुकसान को बहुत करीब से देखा। इस दौरान मैं उन बच्चों से मिली, जिन्होंने अपने सभी प्रियजनों को इस तबाही में खो दिया। माताएं अपने बच्चों और परिवारों के लिए दुखी थीं, जिनका पूरा जीवन प्रकृति के प्रकोप में बह गया था। फिर भी इस त्रासदी के बीच मुझे जो चीज दिखाई दी, वह था आपका असीम साहस और धैर्य।'केरल की वायनाड सीट से प्रियंका के मुकाबले भारतीय जनता पार्टी ने नव्या हरिदास को अपना उम्मीदवार बनाया है। ये भाजपा संसदीय दल की नेता और कोझिकोड निगम में दो बार पार्षद रही हैं और भाजपा महिला मोर्चा की राज्य महासचिव भी हैं।वायनाड उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान होना है, वहीं इसके नतीजे 23 नवंबर को सामने आएंगे।

## भाजपाई धोखेबाजी और खोखेबाजी को जनता परास्त करेगी, महाराष्ट्र के नाम अखिलेश यादव का खुला पत्र

लोक तंत्र की आवाज़



**मैनपूरी।** यूपी में उपचुनाव की बागडोर अपने हाथों में लेने के साथ ही अखिलेश यादव महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भी पूरे दम खम के साथ उतर चुके हैं। सोमवार को अखिलेश यादव ने भाजपा पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए महाराष्ट्र की जनता के नाम खुला पत्र लिखा। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखे पत्र में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाई धोखेबाजी और खोखेबाजी को जनता परास्त करेगी। मुंबई में शिवाजी की मूर्ति लगने के कुछ महीने में ही धराशाई होने का जिक्रकरते हुए कहा कि भाजपा को महाभ्रष्टाचारी तक कह दिया। कहा कि भाजपा के महाभ्रष्टाचार ने महापुरुष शिवाजी की मूर्ति तक को नहीं छोड़ा है। अखिलेश ने इस पत्र के जरिए मीडिया से भी भाजपा के षडयंत्र में नहीं आने की अपील की है।

महाराष्ट्र की जनता और मीडिया दोनों को संबोधित करते हुए अखिलेश ने लिखा कि आपकी जागरूकता से महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव 'महाराष्ट्र' को भाजपा की साजिशों से भरी तोड़–फोड़ की नकारात्मक राजनीति और साम्प्रदायिक सियासी दांवपेंचों से मुक्ति दिलाएगा। संयुक्त विपक्ष की सकारात्मक रणनीति और परस्पर समायोजन को भाजपा की नकारात्मक राजनीति समझ ही नहीं पा रही है।

अखिलेश ने कहा कि महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को धीरे–धीरे खत्म करने के भाजपाई षडयंत्र का खुलासा महाराष्ट्र की जनता के सामने हो गया है। भाजपा ने महाराष्ट्र के समाज के ऐतिहासिक सौहार्द और भाईचारे को भी तोड़ा है और राजनीतिक दलों को भी। भाजपा चाहती है कि महाराष्ट्र को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से इतना कमज़ोर कर दिया जाए कि महाराष्ट्र के हाथ से देश के आर्थिक नेतृत्व की लगाम छीनकर किसी और के हाथ में दी जा सके।

मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र की जनता और महाराष्ट्र के हितों की रक्षा करनेवाले मीडियाकर्मियों के बीच आई 'राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक चेतना' भाजपा की इस चाल को कामयाब नहीं होने देगी। अखिलेश ने आगे लिखा कि महाराष्ट्र के मान–सम्मान, रोज़ी–रोटी, रोज़गार, व्यापार और कारोबार के दुश्मनों को महाराष्ट्र के लोग हराएंगे। दागी और दगा देने वाले भाजपा के संगी–साथियों को करारी शिकस्त मिलेगी। शिवाजी की मूर्ति गिरने की ओर इशारा करते हुए लिखा कि भाजपाई महा–भ्रष्टाचार ने महापुरुषों की मूर्तियों तक को नहीं छोड़ा। बच्चियों के मान को भंग करनेवालों को राजनीतिक प्रश्रय दिया।

## यूपी उपचुनाव के लिए भाजपा का स्पेशल प्लान, संघ एक्टिव

लोक तंत्र की आवाज़



**लखनऊ।** भाजपा 9 क्लस्टर के हिसाब से यूपी विधानसभा उपचुनाव लड़ने की रणनीति बना रही है। इन 9 क्लस्टर में दो से तीन मंत्रियों की टीम के साथ एक से दो भाजपा पदाधिकारियों को तैनात किया गया है। सरकार के प्रभारी मंत्रियों को भी अलग–अलग जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा हर बूथ के जातीय गणित की जिम्मेदारी मंडल अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष को दी गई है। जातीय समीकरणों के आधार पर विधानसभा क्षेत्रों में यूपी भाजपा के अलग–अलग मोर्चे तैनात किए गए हैं

मतदान के लिए प्रेरित करने वाली जातियों के क्षेत्रीय नेताओं को भी तैनात किया गया है। क्षेत्रीय अध्यक्षों को भी उनके क्षेत्र में आने वाली विधानसभा सीटों पर तैनात किया गया है। इसके अलावा सीएम योगी हर विधानसभा क्षेत्र में एक रैली करेंगे। वहीं मुस्लिम बहुल इलाकों में भाजपा के मुस्लिम नेताओं को तैनात किया जाएगा। बूथ प्रबंधन के निचले स्तर तक के कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार में शामिल किया गया है। पार्टी के सभी सांसदों और विधायकों को दिवाली के बाद उपचुनाव वाले विधानसभा क्षेत्रों में पूरी तरह रहने को कहा गया है। इन सबके अलावा पार्टी मुख्यालय में एक मॉनिटरिंग सेल भी बनाई गई है।

**आरएसएस भी हुआ सक्रिय:** सूत्रों के अनुसार, संघ ने यूपी उपचुनाव में भाजपा के पक्ष में जनमत तैयार करने के लिए बड़े पैमाने पर संपर्क कार्यक्रम शुरू कर दिए हैं। संघ ने उन विधानसभा सीटों के लिए टीमें तैयार कर ली हैं, जहां उपचुनाव होने हैं। इन टीमों ने लोगों तक संदेश पहुंचाना भी शुरू कर दिया है। प्रत्येक टीम 5–10 लोगों के छोटे–छोटे समूहों के साथ बैठकें कर रही है, जिसमें राष्ट्रहित, हिंदुत्व, सुशासन, विकास, जनकल्याण और स्थानीय मुद्दों पर गहन चर्चा के जरिए लोगों की राय बनाई जा रही है।

### इन सीटों पर होंगे उपचुनाव

यूपी की जिन सीटों पर उपचुनाव होंगे, उनमें कटेहरी (अंबेडकर नगर), करहल (मैनपुरी), मीरापुर (मुजफ्फरनगर), गाजियाबाद, मझवां (मिर्जापुर), शीशमऊ (कानपुर नगर), खैर (अलीगढ़), फूलपुर (प्रयागराज) और कुंदरकी (मुरादाबाद) शामिल हैं।इन सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को मतगणना होगी। चुनाव आयोग ने 15 अक्टूबर को कोर्ट केस के चलते मिल्कीपुर (अयोध्या) को छोड़कर यूपी की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की थी।

## न किसी को बहुमत-न किसी की सत्ता रिपीट और न जीतते सीएम-स्पीकर, झारखंड की कंप्लेक्स पॉलिटिक्स

लोक तंत्र की आवाज़



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और सूबे की 81 सीटों पर दो चरणों में चुनाव होंगे. बीजेपी नेतृत्व वाले एनडीए और जेएमएम के अगुवाई वाले गठबंधन के बीच मुख्य मुकाबला है. बीजेपी सत्ता में वापसी के लिए बेताब है तो जेएमएम–कांग्रेस गठबंधन अपने सियासी दबदबे को बनाए रखना चाहती है. ऐसे में देखना है कि झारखंड में चला आ रहा सियासी ट्रैक रिकार्ड क्या इस बार टूटता है कि नहीं?

झारखंड की राजनीति इतनी कंप्लेक्स है कि इस राज्य के गठन को 24 साल में न ही किसी दल को बहुमत का आंकड़ा मिला है और न ही कोई भी सरकार रिपीट कर सकी है. इतना ही नहीं सत्ता के सिंहासन पर विराजमान रहने वाले मुख्यमंत्री को अपनी सीट बचाना मुश्किल हो जाता है. सीएम पद रहने वाले नेताओं को हार का मूंह देखना पड़ा है. इसके अलावा झारखंड विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने वाले स्पीकर भी अपनी सीट नहीं बच सके हैं. ऐसे चुनावी ट्रैक रिकॉर्ड के चलते हेमंत सोरेन और जेएमएम–कांग्रेस गठबंधन की टेंशन बढ़ी है।

**झारखंड में किसी की दल को नहीं मिला बहुमत:** बिहार से काटकर झारखंड को अलग राज्य का दर्जा 2000 में किया गया. इस तरह 24 साल में 13 अलग–अलग सरकारें बन चुकी हैं और चार बार विधानसभा चुनाव हो चुके हैं. राज्य में कुल 81 विधानसभा सीटें है और बहुमत का आंकड़ा 41 का है. झारखंड बनने के बाद सबसे पहला चुनाव साल 2005 में हुआ था, जिनमें बीजेपी 30 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी. हालांकि तब वह बहुमत का आंकड़ा नहीं छू पाई थी. इस चुनाव में जेएमएम 17 सीटें जीतकर दूसरे नंबर पर रही थी।

2014 में झारखंड विधानसभा चुनाव हुए. राज्य की 81 सीटों में से बीजेपी 37 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लेकिन बहुमत के आंकड़े के दूर रही. जेएमएम ने 17 सीटें जीती तो जेवीएम ने 8 सीटों, कांग्रेस 6 सीटें जीतने में कामयाब रही. इसके अलावा आजसू के पांच और अन्य दलों के छह विधायक जीतकर आए थे।

# एनडीए की बैठक में 'मिशन 225 प्लस' का लक्ष्य तय

लोक तंत्र की आवाज़

● एनडीए में कोऑर्डिनेशन बेहतर करने की रणनीति बनी



**पटना।** आज सीएम आवास पर ठऊअ की बड़ी बैठक हुई। जिसमें ठऊअ के घटक दलों के नेता शामिल हुए। बैठक में चर्चा का मुख्य विषय अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव रहा। इसके लिए ठऊअ के घटक दलों के बीच आपसी कोऑर्डिनेशन कैसे सही हो इसपर भी जोर दिया गया। इस बैठक में एनडीए नेताओं के द्वारा संकल्प लिया गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 2025 विधानसभा चुनाव में एनडीए 225 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगा। साथ ही निर्णय हुआ है कि पंचायत स्तर तक एनडीए नेताओं–कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। एक अन्ने मार्ग में हुई एनडीए की बैठक के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि 2025 का चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जायेगा। 2010 से अधिक 2025 में सीट जीतने का लक्ष्य तय किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष अफवाह उड़ाता है। उसका मुकाबला करना है। महगठबंधन ने लोगों को ठगने का काम किया है। विधानसभा में एनडीए का सम्मेलन होगा। जो भी कार्यक्रम होगा, अब साझा चलेगा।

बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं और उससे पहले राज्य की चार सीटों पर उपचुनाव होना है। इसे देखते हुए एनडीए की इस बैठक को काफी अहम माना जाता है। पिछले कुछ दिनों के दौरान मुख्यमंत्री के लेवल पर यह पहली बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में एनडीए के सभी नेताओं की यह पहली बैठक हुई है।

जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि एनडीए की सरकार बनने के बाद आगामी दिनों में होने वाले उपचुनाव और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बेहतर सामंजस्य बनाने की जरुरत थी। इसी साल एनडीए की सरकार बनने के बाद ऐसी कोई बैठक नहीं हुई थी। इस बैठक से एनडीए के विधायकों, सांसदों और नेताओ के बीच बेहतर समन्वय बनाने में मदद मिलेगी। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने इस बैठक से पहले कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की एनडीए सरकार विकास के साथ न्याय, रोजगार के नए अवसर लाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा था कि तय समय पर चुनाव होंगे और एनडीए इसे लेकर चिंतित नहीं क्योंकि एनडीए की सरकार ने बिहार में परिवर्तन लाने के लिए कई कार्य किए हैं।

## ट्रंप ने चीन पर साधा निशाना, कहा– अमेरिका के पास दुनिया की सबसे ताकतवर सेना है

लोक तंत्र की आवाज़



**न्यूयॉर्क।** रिपब्लिकन पार्टी' के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने एक चुनावी रैली में कहा कि चीन के साथ टकराव की स्थिति में हम उन्हें धूल चटा देंगे। उन्होंने कहा कि हमारे पास दुनिया की सबसे शानदार सेना है। राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नेतृत्व में अमेरिका के प्रति सम्मान में कमी के बारे में बोलते हुए ट्रंप ने कहा, 'उन्होंने एक रिपोर्ट जारी की है कि अगर हम चीन के साथ युद्ध में उतरते हैं, तो हम जीत नहीं सकते। हम पर्याप्त रूप से मजबूत नहीं हैं।

ट्रंप ने घोषणा की कि हमारे पास दुनिया की सबसे बड़ी सेना है। आपको इस तरह की रिपोर्ट नहीं देनी चाहिए और यह सच नहीं है। हमें उनका करार सबक सिखा देंगे। उन्होंने कहा, 'यहां तक कि अगर यह सच भी होता, तो भी इस तरह की रिपोर्ट जारी करना कितनी बड़ी मूर्खता है।' उन्होंने यह नहीं बताया कि किस रिपोर्ट का जिक्रकर रहे थे, लेकिन संभवत वह राष्ट्रीय रक्षा रणनीति आयोग की ओर से सीनेट सशस्त्र सेवाओं को दी गई एक रिपोर्ट थी। इसमें कहा गया, 'आयोग को लगता है कि अमेरिकी सेना में क्षमताओं और क्षमता दोनों की कमी है और 'कई मायनों में, चीन संयुक्त राज्य अमेरिका से आगे निकल रहा है और उसने पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य लाभ को काफी हद तक नकार दिया है।

ट्रंप ने कहा कि अगर हम चुनाव जीतते हैं तो दुश्मन अब और नहीं हसेंगे। बता दें कि ट्रंप के चुनावी रैली के 90 मिनट पहले से मैडिसन स्क्वायर गार्डन, अपनी पूरी क्षमता के करीब 19,000 लोगों से भरा हुआ था और हजारों लोग घंटों इंतजार करने के बाद बाहर फंसे रहे, उन्होंने ट्रंप के भाषण को बाहर बड़े स्क्रीन पर देखा।

# देश में तोड़ो-फोड़ो और राजनीति करो की भूमिका निभा रही भाजपा: संजय राउत

लोक तंत्र की आवाज़



**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) से राज्यसभा सांसद एवं पार्टी प्रवक्ता संजय राउत ने आरोप लगाया कि भाजपा विभिन्न दलों को तोड़कर सत्ता में बने रहना चाहती है। उन्होंने कहा पार्टी 'तोड़ो फोड़ो राजनीति' कर रही है।

शिवसेना (यूबीटी) से राज्यसभा सांसद संजय राउत ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर हमला बोला। राउत के मुताबिक देश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है। सांसद ने कहा, हाल ही में जम्मू–कश्मीर में हमला हुआ, जिसमें हमारे चार जवान शहीद हो गए हैं, इसके अलावा चार मजदूर मारे गए थे। पूरे देश में ऐसा माहौल है, लेकिन हमारे गृहमंत्री अमित शाह कभी जम्मू–कश्मीर और मणिपुर पर बात नहीं करते हैं, वो सिर्फ राजनीति पर बात करते हैं। सरदार पटेल गृहमंत्री थे क्या वो ऐसा काम कर रहे थे? वो भी गुजरात के ही थे और लोग उनको लौह पुरूष कहते थे।

उन्होंने आगे कहा कि अमित शाह को मालूम नहीं है कि जम्मू–कश्मीर में हमारे चार जवान शहीद हो गए, उनको वहां पर जाना चाहिए। ये लोग महाराष्ट्र और बंगाल कभी नहीं जीत सकते। इन लोगों को सिर्फ पार्टी तोड़नी है और इलेक्शन सिंबल चुराना है। इनकी भूमिका तोड़ो–फोड़ो और राजनीति करने की है। सीट शेयरिंग को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि बड़ी पार्टियां चुनाव लड़ रही हैं, ऐसे में 2–4 सीटों पर चर्चा जारी रहती है, चाहे सामने महायुति गठबंधन हो या फिर महाविकास अघाड़ी हो। जब शिवसेना और भाजपा गठबंधन में थे, तब भी कुछ सीटों पर चर्चा होती थी, इसमें गलत क्या है?

राउत ने अपनी पार्टी के सीएम फेस को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र का चेहरा उद्धव ठाकरे हैं। सीएम फेस पर कांग्रेस ने स्टैंड नहीं लिया है, लेकिन हमने लिया है। कांग्रेस को सीएम चेहरे के लिए दिल्ली से मान्यता चाहिए। देश के विपक्षी महागठबंधन इंडिया के प्रमुख घटक दल समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं अखिलेश यादव को लेकर उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव से बात हुई है।

## पुलिस हिरासत में मौत का मामला: अखिलेश-मायावती का योगी सरकार पर निशाना, कहा- हम पीड़ित परिवार के साथ

लोक तंत्र की आवाज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊमें पुलिस के हिरासत में मोहित पांडे नाम के शख्स की मौत के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। मामला लखनऊ के चिनहट थाने का है, जहां शांतिभंग के मामले में मोहित पांडे को पुलिस ने हिरासत में लिया था। मृतक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने पीट–पीटकर उसकी हत्या की है। हालांकि इस बात से पुलिस साफ इनकार कर रही है। पुलिस का कहना है कि मोहित पांडे की मौत अस्पताल में हुई। इस बीच सपा सुप्रीमो मायावती और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस मामले पर योगी सरकार पर निशाना साधा है।

मायावती ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर पोस्ट किया, ₹यूपी की राजधानी लखनऊमें पुलिस हिरासत में व्यापारी मोहित पाण्डे की कथित तौर पर हुई मौत की घटना पर परिवार एवं लोगों में रोष व आक्रोश व्याप्त होना स्वाभाविक। यह घटना अति–निन्दनीय। सरकार पीड़ित परिवार को न्याय देने के लिए प्रभावी कदम अवश्य उठाए।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹इसके अलावा यहा प्रदेश में महिलाओं पर भी आए दिन हो रही जुल्म–ज्यादती की घटनाएं अति–चिन्तनीय, जिन पर भी सरकार ऐसे अपराधियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करे, जो अत्यन्त जरूरी।

इससे पहले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने घटना पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए राज्य की बीजेपी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि 'पुलिस हिरासत' का नाम बदलकर 'अत्याचार गृह' कर दिया जाना चाहिए। अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ₹उत्तर प्रदेश की राजधानी में पिछले 16 दिनों में पुलिस हिरासत में मौत (हत्या पढ़ा जाए) का दूसरा समाचार मिला है। नाम बदलने में माहिर सरकार को अब 'पुलिस हिरासत' का नाम बदलकर 'अत्याचार गृह' रख देना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें ।

### चार फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नरहट (नवादा)।** स्थानीय थाना पुलिस ने अलग अलग गांवों में छापेमारी कर फरार चल रहे चार वारंटी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि अनिल प्रसाद यादव एवं सुनील प्रसाद यादव को हाजिढाब से और सुनील राजवंशी एवं अनुगिया राजवंशी को मोहननगर नरहट से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### अबैध बालू लदा ट्रॉली को पुलिस ने किया जप्त

**नरहट (नवादा)।** नरहट थाना क्षेत्र के गंगा रामपुर के समीप धनार्जय नदी से स्थानीय पुलिस ने एक ट्रैक्टर का ट्रॉली में बालू लदा बरामद किया है। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने। बताया कि गंगा रामपुर के पास धनार्जय नदी से एक ट्रैक्टर का ट्राली में बालू लदा बरामद किया गया है। ट्रैक्टर ड्राईवर पुलिस को देख पुलिस को पहुचने के पहले ट्रॉली को खोलकर ट्रैक्टर इंजन को लेकर फरार हो गया। बालू लदा ट्रॉली को जप्त किया गया है। अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### रजौली : गौशाला में बंधी गाय को अज्ञात चोरों ने चोरी कर हुए फरार

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** नगर पंचायत क्षेत्र के गोपालनगर में रविवार की रात गौशाला में बंधी गाय की चोरी का मामला प्रकाश में आया है। गोपालनगर निवासी गौपालक कुंदन कुमार ने बताया कि रोज की तरह रविवार की रात को भी अपने गाय को गौशाला में बांध दिया था।और जब सुबह को खाना देने गौशाला गया तो देखा कि गाय गौशाला में नही है।जिसके बाद आसपास काफी खोजबीन किया गया लेकिन गाय का कहीं अतापता नही चला। मुझे शक है कि अज्ञात चोरों के द्वारा मेरी गाय की चोरी कर लिया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि गाय चोरी को लेकर थाने को आवेदन देकर मामले को जाँच कर उचित कार्यवाई का आग्रह किया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि गाय चोरी को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है। आगे की करवाई की जा रही है।

### नीतीश कुमार से बिहार की जनता का मोहभंग हो चुका है: अरुण यादव

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित एनडीए की बैठक में क्राइम, करप्सन और कम्युनलिज्म पर चर्चा नहीं कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने साफ तौर पर संदेश दे दिया कि सत्ता के लिए उन्होंने इन तीनों से समझौता कर लिया। जबकि नीतीश कुमार कहते थे क्राइम, करप्सन और कम्युनलिज्म से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेंगे, फिर किस मजबूरी में उन्होंने क्राइम, करप्सन और कम्युनलिज्म से समझौता कर लिया, बिहार की जनता जानना चाहती है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि राज्य में क्राइम चरम पर है। बेखौफ अपराधी खुलेआम आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा है। बिहार में अफसरशाही और भ्रष्टाचार चरम पर है। नीतीश सरकार में बगैर रिश्वत दिए कोई काम नहीं होता है। राज्य की जनता अफसरशाही और भ्रष्टाचार की चक्की में पिस रही है। वहीं नीतीश सरकार ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और भाजपा सांसद प्रदीप सिंह जैसे भाजपा नेताओं को दो धर्म समुदाय के बीच द्वेष, साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की खुली छूट दे रखी है। कहा कि बिहार में केवल व केवल तेजस्वी मॉडल पर राजनीति चलेगी। अब पढ़ाई, लिखाई, दवाई, कमाई, सिंचाई, सुनवाई और कारवाई जैसे मुद्दों पर जो बात करेगा जनता पर वही राज करेगा। तेजस्वी यादव ने 17 माह के सेवाकाल में महागठबंधन सरकार में अपने प्रण अनुरूप कर के दिखाया है। तेजस्वी यादव जनता की उम्मीद बन चुके हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि नीतीश कुमार से बिहार की जनता का मोहभंग हो चुका है यह बात नीतीश कुमार जी भी अच्छी तरह जान चुके है। बिहार की जनता चुनाव के इंतजार में है 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए को सत्ता से बाहर कर सबक सिखाने वाली है। बिहार की जनता तेजस्वी यादव जी को मुख्यमंत्री बनाने वाली है।

# नवादा इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल सीजन -05 का रंगारंग आयोजन

**84 देशों के फ़िल्म का हुआ प्रदर्शन , राहुल वर्मा द्वारा निर्देशित फ़िल्म ₹फगुनिया एमबीबीएस₹ को लोगों ने खूब सराहा**

लोक तंत्र की आवाज



**सुनील कुमार**

**नवादा।** नवादा अंतरराष्ट्रीय फ़ल्मि महोत्सव 2024 का आयोजन स्थानीय विजय मल्टीप्लेक्स सिनेमा हॉल में बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। कई अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के हॉलीवुड और बॉलीवुड कलाकार एवं नवादा के जिला अधिकारी आशुतोष वर्मा की उपस्थिति में जिला आइकॉन राहुल वर्मा के अथक प्रयास से पंचम अंतरराष्ट्रीय फ़ल्मि महोत्सव का आगाज संध्या 4 बजे से दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कवि संगम के महामंत्री नितेश कपूर ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में इजरायल की फिल्म गिंबल द फुल रिटर्न टू पोलैंड का ट्रेलर दिखाया गया जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया तथा यह फिल्म द बेस्ट फिल्म ऑफ द अवार्ड से नवाजा गया। इजरायल से आए दोनों दंपतियों को उनके बेस्ट फिल्म के लिए बॉलीवुड अभिनेता शाहबाज खान और नवादा जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी की उपस्थिति में राहुल वर्मा द्वारा निर्देशित फिल्म फगुनिया एमबीबीएस का प्रसारण भी किया गया, जिसे नवादा के दर्शकों ने खूब सराहा। इस फिल्म के कलाकार एवं शूटिंग स्थल नवादा का स्थानीय क्षेत्र को देखकर दर्शक काफी प्रसन्न दिखे एवं राहुल वर्मा का भूरी- भूरी प्रशंसा किए। सदर एसडीओ ने अपने भाषण में राहुल वर्मा द्वारा निर्देशित फिल्म के लिए उन्हें बधाई दी और आने वाले समय में नवादा में और भी फिल्मों का काम हो इसकी शुभकामनाएं उन्हें दी।

बॉलीवुड के स्टार अभिनेता शाहबाज खान की उपस्थिति से दशकों में काफी उत्साह देखा गया, उनके टीवी सीरियल और हिंदी फिल्मों में अदाकारी का लोगों ने खूब प्रशंसा की। उन्होंने भी नवादा के लोगों का प्रेम और सम्मान की खूब तारीफ की और कहा कि नवादा हमें हमेशा याद रहेगा। जिस तरह का सम्मान उन्होंने दिया यह मेरे लिए अविस्मरणीय पल है। गोविंदपुर के विधायक मोहम्मद कामरान ने बॉलीवुड स्टार और जिलाधिकारी महोदय का सम्मान अंग वस्त्र से किया। वहीं आईरा पत्रकार संगठन के पत्रकारों ने भी आयोजक राहुल वर्मा को कार्यक्रम के दौरान बुके एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश संगठन सचिव सुनील कुमार एवं जिलाध्यक्ष सनोज कुमार संगम ने राहुल वर्मा का हौसलाअफजाई किया। विधायक कामरान ने अपने भाषण में नवादा डीएम के सहयोगपूर्ण वातावरण की खूब प्रशंसा की जो नवादा हमेशा याद रखेगा। ज्ञात हो इसी माह के अंतिम तारीख को नवादा जिलाधिकारी का रिटायरमेंट होना है, इस संदर्भ में राहुल वर्मा ने उन्हें अंग वस्त्र मोमेंटो देकर उनका सम्मान किया। नवादा डीएम ने राहुल वर्मा के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उन्होंने बताया कि राहुल वर्मा की इस प्रयास से नवादा का नाम पूरे भारत से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाना जा रहा है, यह नवादा के लिए गर्व की बात है। अंतरराष्ट्रीय फ़ल्मि महोत्सव के पांचवें संस्करण में डायरेक्टर धीरू यादव और प्रोड्यूसर रत्नाकर कुमार की फिल्म जया को सबसे अधिक चार अवार्ड दिया गया। हितेश कुमार को फगुनिया एमबीबीएस को बेस्ट डीओ टी अवार्ड दिया गया। फिल्म फगुनिया एमबीबीएस में शिवानंद बिस्वाल को बेस्ट नेगेटिव रोल के लिए अवार्ड दिया गया। नीरज सानू को हुनर का फीवर के लिए युद्ध डायरेक्टर का अवार्ड दिया गया। सभी चयनित फिल्मों को अवार्ड और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। दूसरे चरण में मंच संचालन करते हुए श्रवण बरनवाल ने नवादा डीएम आशुतोष वर्मा की विदाई की गाथा और उनके द्वारा नवादा में बिताए गए लम्हों को याद किया और उनकी भूरी भूरी प्रशंसा किए। नवादा की जानी-मानी लोक गायिका कृतिका सिन्हा ने छठ पर्व पर अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं छोटे उस्ताद जिम्मी गुप्ता ने अपनी बिहारी काव्य प्रस्तुति से लोगों को आकर्षित किया। फगुनिया एमबीबीएस की कलाकार ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया और दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम की अंतिम चरण में राहुल वर्मा ने नवादा के सभी मीडिया बंधुओं का सम्मान और कार्यक्रम के मुख्य स्पॉन्सर का सम्मान मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर किया। समाजसेवी जितेंद्र प्रताप एवं कैलाश विश्वकर्मा ने भी अपनी बात रखी तथा राहुल वर्मा के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए बताया किया नवादा के लिए गौरव का छन है कि आज की शाम अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के फिल्म अभिनेता नवादा की सर जमीन पर पहुंचे हुए है। विजय मल्टीप्लेक्स के मालिक संतोष भट्ट ने आज के इस कार्यक्रम में आए तमाम लोगों का हार्दिक अभिनंदन किया और अपनी आवाज में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। राहुल वर्मा ने संतोष भट्ट द्वारा एक और सिनेमा हॉल नवादा में खोलने का प्रस्ताव नवादा डीएम आशुतोष वर्मा के सामने रखा, जिसे तुरंत नवादा डीएम ने अनुमोदित किया जिसे दर्शकों ने तालिया से स्वीकार किया।अंत में राहुल वर्मा ने सभी आए अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए उन सभी को मोमेंटो और अंग वेस्ट कर सम्मानित किया। फिल्म के सभी कलाकारों को भी उनके बेस्ट परफॉर्मेंस के लिए सम्मानित किया गया।

## दिवाली विथ माय भारत कार्यक्रम के तहत नवादा में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन



लोक तंत्र की आवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा।** नेहरू युवा केंद्र नवादा व कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स नवादा के संयुक्त तत्वाधान में दिवाली विथ माय भारत कार्यक्रम के तहत सोमवार को नवादा में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माई भारत के वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया। इस स्वच्छता अभियान की शुरुआत नवादा सदर अस्पताल से शुरू हुआ जो इंदिरा चौक पर समाप्त हुआ। इस मौके पर स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं ने हाथ में झाड़ू लेकर स्वच्छता अभियान चलाया। तथा लोगों को जागरूक करने का भी काम किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएआईटी प्रदेश उपाध्यक्ष रवि गुप्ता एवं नेहरू युवा केंद्र नवादा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छ मन में स्वास्थ्य शरीर का निर्माण होता है। इसलिए खुद स्वच्छ रहें और आस पास और पास पड़ोस को स्वच्छ रखने का प्रयास करें। तथा इसके लिए लोगों को प्रेरित भी करें। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र कर्मी मनीष कुमार गिरि एवं कैट सदस्य सुनील कुमार साहू , अविनाश कुशवाहा , शशि भूषण सिंह, महेश कुमार , सुशील कुमार सोनी, शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा एवं युवा मंडल के सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रहे।

### वांछित छः वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार ,भेजा जेल

**रजौली( नवादा )।** थाना क्षेत्र के परमचक,गिरगी एवं बेलाडीह गांव से थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने छः वांछित वारंटी को गिरफ्तार किया ।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि कोर्ट द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में रविवार को गुप्त सूचना के आलोक में छापेमारी कर कुल छः वांछित लोगों को गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार लोगों में परमचक गांव से स्व रामचन्द्र साव के पुत्र मुरारी साव व रोहित साव,गिरगी गांव निवासी परमेश्वर भुइयां के पुत्र नरेश भुइयां,सोहर भुइयां के पुत्र फागु भुइयां व शनिचर यादव के पुत्र मुझु यादव एवं बेलाडीह गांव निवासी दशरथ यादव के पुत्र बसंत यादव शामिल हैं ।साथ ही थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार लोगों को सोमवार को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है ।

## दिपावली के पूर्व संध्या पर विभिन्न विभागों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** गया कॉलेज गया में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन दीपावली की पूर्व संध्या पर विभिन्न विभागों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।प्राचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र ने विभागों का निरीक्षण कर बच्चों के मनोबल को बढ़ते हुए कहा कि भारत बहुरंगी संस्कृति का देश है यहां विभिन्न तीज त्योहार को सभी धर्म के लोग मिलजुल कर सर्वधर्म समभाव से मनाते हैं वाले विभाग अध्यक्ष एमसीए विभाग डॉक्टर अमित कुमार ने कहा कि बच्चों के द्वारा विभिन्न कलाकृतियों के माध्यम से भारतीय त्योहारों को दर्शाने की यह सराहनीय पहल है विभाग अध्यक्ष शिक्षा शास्त्र विभाग डॉक्टर धनंजय धीरज ने कहा कि भारत के बहुभाषी एवं बहुरंगी संस्कृति को बच्चों ने रंगों के माध्यम से दर्शाने का प्रयास किया है । शिक्षकों में विभिन्न कला कौशलों के विकास के उद्देश्य से ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन शिक्षा शास्त्र विभाग में निरंतर किया जाता है जिससे कि इनका सर्वांगीण विकास संभव हो सके मौके पर एमसीए विभाग के सभी शिक्षक एवं शिक्षा शास्त्र विभाग के सभी शिक्षक शिक्षक कर्मचारी समेत भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप मे शांति निकेतन एकेडमी के छात्र-छात्राओं का रहा शानदार प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** गया कॉलेज के खेल परिसर में आयोजित जिला स्तरीय फर्स्ट ओपन कराटे चैंपियनशिप में शांति निकेतन अकादमी के छात्र-छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस प्रतियोगिता में गया जिले के लगभग 300 छात्रों ने हिस्सा लिया, जिनमें से शांति निकेतन अकादमी के 10 छात्र-छात्राओं शामिल थे।इस प्रतियोगिता में अकादमी के सात छात्र-छात्राओं ने गोल्ड मेडल जीतकर शानदार प्रदर्शन किया है। दो छात्र-छात्राओं ने सिल्वर मेडल तथा एक छात्रा ने कांस्य पदक जीतकर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। गोल्ड मेडल विजेताओं में कक्षा-छः की जानवी कुमारी, पल्लवी वर्मा, प्रिंस कुमार, सास्वत कुमार सिंह, कक्षा-सात की अंशिका पांडेय, कक्षा-एक के शिदु महाराज और कक्षा-तीन के अभियांशु राज शामिल हैं। सिल्वर मेडल जीतने वालों में कक्षा-छः की अलीशा कुमारी गुप्ता और कक्षा-दो के आदर्श राज का नाम शामिल है। वहीं, कक्षा-चार की एलेन सारा ने ब्रोंज मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। इसके लिए शांति निकेतन अकैडमी के चेयरमैन श्री हरिप्रपन्न ने सभी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य के कामना की और आगे राज्य स्तरीय एवं देश स्तरीय खेल की तैयारी के लिए अपने प्रबंधन एवं शिक्षकों को निर्देश दिया कि ऐसी तैयारी की जाए की जिसमें हमारे बच्चे राज्य स्तर और देश स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर सके इसके लिए विद्यालय के कराटे टीचर आनंद सर को भी बधाई दी एवं आभार प्रकट किया कि उनका मेहनत और बच्चों के लगन अभिभावक के सहयोग कारण यह संभव हो पाया है।

## दिल के धड़कनों में बसते हैं नवादा संसदीय क्षेत्र के लोग जीवन भर नवादा वासियो की करता रहूंगा सेवा :चन्दन

लोक तंत्र की आवाज



**नवादा ।** बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ श्री कृष्णा सिंह की कर्म क्षेत्र नरहट थाने के झिकरुआ गांव में पैक्स अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह तथा वारसलीगंज थेन के अपसढ़ गांव के राजीव नयन सिंह के यहां सोमवार को जैसे ही पूर्व सांसद चंदन सिंह पहुंचे । वहां सैकड़ो ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।वे दोनों गांव में श्राद्ध कर्म में हिस्सा लेने के बाद में ग्रामीणों की सुधि ले रहे थे ।।कई ग्रामीण उनका चुनाव नहीं लड़ने पर भावुक हो गए ।जिस कारण अजीबो - गरीब दृश्य पैदा हो गई ।सांसद चंदन सिंह ने कहा कि जीवन भर नवादा संसदीय क्षेत्र के लोगों की सेवा करता रहूंगा । सांसद ने कहा कि नवादा संसदीय क्षेत्र के लोग मेरी धड़कनों में बसते हैं। इसलिए उनके सुख-दुख में साथ निभाना मेरा फर्ज है। उन्होंने कहा कि एक माता थी जिसने मुझे जन्म दिया ।जिससे मैं संसार को देखा।लेकिन नवादा वासियों ने मुझे लोकसभा भेजकर भारत माता का दर्शन कराया ।उन्होंने कहा कि कोई खास परिस्थितियों रही जिस कारण मैं दोबारा नवादा संसदीय क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़ सका। लेकिन राजनीति में सब कुछ होता है। धोखा जीवन का सबसे बड़ा सबक है ।इसकी चिंता नहीं करनी चाहिए।उन्होंने कहा कि मैं लगातार नवादा वासियों से जुड़ा हुआ हूं ।पूरे जीवन नवादा वासियों की खिदमत करता रहूंगा ।सांसद चंदन सिंह ने कहा कि नवादा वासियों ने जो प्यार दिया, उसे जीवन में कभी भी भूला नहीं जा सकता है ।उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर विकसित भारत के सपनों को सदा सरकार करता रहूंगा ।इसके लिए आप सब मेरे साथ चलते रहेंगे ।उनके साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथही एनडीए कार्यकर्ता भी उपस्थित थे ।जिन्होंने सांसद चंदन सिंह के विनम्र व्यवहार ,ईमानदारी व की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिए।नवादा के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहने की बात कही। समाजसेवी मनोज सिंह के बुलावे पर नवादा समाहरणालय के सामने भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां लोजपा युवा नेता राजा बाबू, जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ,पहले से मौजूद सरदार अखिलेश सिंह, पूर्व मुखिया अंजनी सिंह सहित दर्जनों समाजसेवियों ने उनका भव्य स्वागत किया। ग्रामीण उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें साधुवाद दिया ।लोजपा के युवा नेताओमप्रकाश सिंह ,राजा भैया आदि उपस्थिति थे।

## दीपावली में स्वनिर्मित दीपक जलाएंगी उच्च विद्यालय ओहारी की छात्राएं

**अब हुनरमंद बनेंगी नवादा की बेटियां : डॉ॰ विनीता प्रिया**

लोक तंत्र की आवाज



**रोह(नवादा)।** आजकल चाईनीज दीयों का बोलबाला हो गया है, ऐसे में इंटर विद्यालय ओहारी की छात्राओं ने चाइनीज़ लाईट और दीया न खरीदकर खुद मिट्टी का दीया बनाने का संकल्प लिया और दीपावली में खुद से निर्मित मिट्टी के दीया से ही घर को रोशन करने का संकल्प भी लिया। विद्यालय के सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका डॉ. विनीता प्रिया के नेतृत्व में स्कूली बच्चियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन कर सैकड़ों मिट्टी का दीया जलाया। इस मौके पर शिक्षिका डॉ. विनीता प्रिया ने कहा कि इससे हमारी बेटियां न सिर्फ हुनरमंद होंगी। बल्कि आत्मनिर्भर और स्वावलंबी भी बनेगी। इसके अलावा पर्यावरण प्रदूषित होने से भी बचेगा। इस दौरान विद्यालय के छात्राओं ने खुद से मिट्टी गूंथ कर सैकड़ों मनमोहक और मनमोहक दीया का निर्माण अपनी हाथों से किया। जिसे विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने खूब सराहना किया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ नगेंद्र उपाध्याय ने डा. विनीता प्रिया के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ये हमेशा विद्यालय एक्स्ट्रा एक्टिविटी के द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं को सकारात्मक संदेश देते रहती है। इस मौके पर सुनीता कुमारी, अंजू कुमारी, रीमा कुमारी, रेखा कुमारी, जुली कुमारी, उत्कर्ष शर्मा, प्रेम सिंह, दिलीप कुमार, कमलेश कुमार, मयंक राज, पंकज कुमार, प्रभात कुमार, आनंद वर्धन, पूजा कुमारी और दिव्या आदि उपस्थित थे।

## गया : दीवाली विद माय भारतर कार्यक्रम का शुभारंभ गया कॉलेज के प्रधानाचार्य द्वारा किया गया

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के दिशा निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, पटना के बैनर तले ₹दीवाली विद माय भारत₹ कार्यक्रम का शुभारंभ गया कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर (डॉ सतीश सिंह चंद्र के द्वारा किया गया. यह कार्यक्रम 28 ,29 और 30 अक्टूबर को गया शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान तथा ट्रैफिक वाले चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की सहायता और अस्पतालों में मरीजों की सेवा के लिए गया कॉलेज गया के वॉलिंटियर्स तैनात किए जाएंगे ।इस कार्यक्रम का उद्देश्य माय भारत के 1 वर्ष सफलता पूर्वक पूरे होने पर स्वच्छता, सुख शांति और सहयोग के रूप में मनाया जाना है ।कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्र ने कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कॉलेज स्तर पर स्वयंसेवकों की मीटिंग बुलाई गई जिसमें कार्यक्रम के सफल निष्पादन के लिए चर्चा की गई और उसमें से तीन सक्रिय स्वयंसेवकों को लीडर बनाया गया है। जिसमें स्वच्छता अभियान का नेतृत्व सौरव कुमार ,ट्रैफिक नियमों की जागरूकता और ट्रैफिक सहायता वाले ग्रुप का नेतृत्व मोहम्मद इश्तियाक आलम और अस्पताल में मरीजों की सेवा और उनके रखरखाव के लिए बनाए गए ग्रुप का नेतृत्व स्मृति कुमारी करेंगी।तीनों समूहों में 15-15 वॉलिंटियर्स को तैनात किया गया है जो रोजाना कार्यक्रम की रिपोर्ट कार्यक्रम पदाधिकारी को सौंपेंगे जिसे क्षेत्रीय निदेशालय ,राष्ट्रीय सेवा योजना ,पटना को भेजा जाना है। प्रधानाचार्य ने पूरे गया शहर में गया कॉलेज को इस कार्यक्रम के लिए चुने जाने पर खुशी जाहिर की और इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामना दी है। आज सोमवार को गया कॉलेज गया के गेट नंबर वन से लेकर गेट नंबर 2 तक के सामने स्थित मार्केट में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें दुकानों के सामने स्थित कूड़ा करकट को इकट्ठा किया गया और उसे नगर निगम की गाड़ियों में डिस्पोज किया गया है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों में मोहम्मद इश्तियाक आलम , सौरव कुमार, स्मृति कुमारी, रौशनी कुमारी, राहुल राज, उरूज़ तौकीर, अमित कुमार , आर्यन कुमार ,प्रवीण कुमार ,शुभम कुमार, नंदनी कुमारी ,प्रतिभा पांडे, रोशनी कुमारी, श्रेया कुमारी, पल्लवी कुमारी ,विपिन कुमार, विशाल राज ,अभिजीत सिंह, सत्यम भोला ,नीरज कुमार, पंकज कुमार, हर्ष कुमार ,आरव, राज किशोर कुमार ,रोहित रंजन, कुंदन कुमार, राहुल कुमार, शुभम कुमार, पल्लवी कुमारी, श्रेया कुमारी ने सहभागिता की और स्वच्छता अभियान को सफल बनाया इसके बाद अस्पताल में इन स्वयंसेवकों के द्वारा सेवा अभियान चलाया गया है।

## सरकारी विधालयों में पढ़ने वाले बच्चों का ठहराव में शिक्षा सेवकों की अहम भूमिका : मुकेश

लोक तंत्र की आवाज

**हिसुआ (नवाद)।** बिहार प्रदेश मुसहर भुईयां शिक्षा सेवक संघ के प्रदेश सचिव सह जिला अध्यक्ष मुकेश मांझी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार सरकार वर्ष 2008-09 से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने तथा सरकार की महत्वपूर्णकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने एवं सुदूर इलाके में निवास करने वाले समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए महादलित समुदाय से बीस हजार टोला सेवक (शिक्षा सेवक) तथा अल्पसंख्यक समुदाय से दस हजार शिक्षा स्वयं सेवक (तालीमी मरकज) की नियुक्ति महज दो हजार रुपए मात्र मानदेय पर की गई थी।और पुरे बिहार में शिक्षा सेवक, शिक्षा सेवक तालीमी मरकज के सेवकों ने महादलित समुदाय एवं अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को तथा इसी समुदाय के 15 से 45 आयु वर्ग की निरक्षर महिलाओं को साक्षर करने और सरकार की योजनाओं से वंचित रहने वाले लोगों को ईमानदारी पूर्वक से लाभ दिलाने का काम किया गया। तथा आज सरकारी विधालय में पढ़ने वाले बच्चों ठहराव में सिर्फ और सिर्फ शिक्षा सेवक शिक्षा सेवक तालीमी मरकज का अहम् भूमिका है। इधर बिहार में सरकार समाजिक न्याय की बात कर रही है, तो शिक्षा सेवक शिक्षा सेवक तालीमी मरकज को शिक्षक की दर्जा क्यों नहीं दी जा रही है। बिहार सरकार में शिक्षा मित्र को शिक्षक की दर्जा तो शिक्षा सेवक शिक्षा सेवक तालीमी मरकज को क्यों नहीं।अब तक शिक्षक की दर्जा नहीं मिलना यह न्याय संगत नहीं है।आज भी सभी शिक्षा सेवक शिक्षा सेवक तालीमी मरकज के लोगों ने शिक्षकों की भांति समय से विधालय जाकर शिक्षकों के साथ ई-शिक्षा कोष पर अपना हाजिरी बनाकर 1ली से 5वीं तथा 8वीं कक्षा तक शैक्षणिक कार्य कर रहे हैं। तथा आज सतहर वषों से शिक्षा के क्षेत्र में लोगों को जागरुक कर अलख जगाकर शैक्षणिक कार्य करने के बावजूद भी बिहार सरकार शिक्षा सेवक शिक्षा सेवक तालीमी मरकज को भेदभाव की दृष्टि से शिक्षक की दर्जा देने में अनदेखी कर रही है।यह मांग पुरानी है और यह मांग लम्बे समय से किया जा रहा है। संघ के प्रदेश सचिव श्री मांझी ने सभी शिक्षा सेवक शिक्षा सेवक तालीमी मरकज को प्राथमिक शिक्षक की दर्जा देने, महिला शिक्षा सेविका को विशेषा अवकाश, ग्रेट-पे वेतन, चिकित्सा लाभ, अनुकम्पा का लाभ, सेवा पुस्तिका, शिक्षा सेवक शिक्षा सेवक तालीमी मरकज के कर्मी को मृत्युपरान्त इनके उतराधिकारी आश्रितो को एक मुस्त दस लाख अनुग्रह राशि का भुगतान, सहित शेष गांव टोले में शिक्षा सेवक शिक्षा सेवक तालीमी मरकज की नियुक्ति करने की मांग बिहार सरकार से की है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजनौर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा जेल का आकस्मिक किया गया निरीक्षण



**रिपोर्ट महताब अहमद**

जनपद बिजनौर के कारागार का आज दिनांक 28.10.2024 को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार, बिजनौर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था एवं बंदियो को मिलने वाली सुविधाओं को चेक कर संबंधित को दिशा-निर्देश दिए । इस दौरान जिला कारागार के वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद रहे ।

### बेटे को तड़पा-तड़पा कर मार डाला', मोहति की मां ने रोते-बलिखते हुए कही ये बातें?



**रत्ना**

**लखनऊ ।** चिनहट पुलिस की कस्टडी में मारे गए कारोबारी मोहित की मां से रविवार दोपहर बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला मिलने पहुंचे। इस पर मोहित की मां ने उनसे कहा कि बेटे को तड़पा-तड़पा कर मार डाला। अब उन लोगों की आवाज दबाई जा रही है। विधायक ने परिवार को समझाया और एक लाख रुपये नकद सहायता राशि दी है। साथ ही मुख्यमंत्री से मिलवाने का आश्वासन दिया। मृतक मोहित की मां से रविवार दोपहर बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला मिलने पहुंचे। इस पर मोहित की मां ने उनसे कहा कि बेटे को तड़पा-तड़पा कर मार डाला। अब उन लोगों की आवाज दबाई जा रही है। विधायक ने परिवार को समझाया और एक लाख रुपये नकद सहायता राशि दी है। साथ ही मुख्यमंत्री से मिलवाने का आश्वासन दिया है।

### त्योहारों के मध्यनजर पुलिस ने की मुख्य चौराहों पर बैरिकेडिंग व पैदल फ्लैग मार्च



**संवाददाता सईद कुरैशी**

**ठाकुरद्वारा।** नगर सोमवार को त्योहारों के मद्देनजर पुलिस प्रशासन अलर्ट है नगर के मुख्य बाजारों में गश्त बढ़ा दी कोतवाली पुलिस ने नगर में पैदल फ्लैग मार्च किया पुलिस ने बाजारों के प्रवेश के मुख्य चौराहों और तिराहों पर बैरिकेडिंग कर चौपाइयां वाहनों का प्रवेश निषेध कर दिया है बाजारों में दीपावली को लेकर जमकर खरीदारी शुरू हो गई है इस दौरान नगर के बुध बाजार, शगुन तिराहा, बाजार गंज में भारी भीड़ उमड़ी रही। बाजारों में दीपावली को लेकर धार्मिक कैलेंडर, मूर्तियों के साथ ही मिट्टी के दीयों की भी लोगों ने जमकर खरीदारी की।

# 18 साल के नए वोटर्स का भरवाएं फॉर्म: बिजनौर डीएम ने राजनीतिक दल के नेताओं के साथ की बैठक

**लोकतंत्र की आवाज**

**29 अक्टूबर को एकीकृत निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन होगा**




**रिपोर्ट रोहित कुमार**

बिजनौर महात्मा विदुर सभागार जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल ने सहायक निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वे राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और मतदाता सूची उपलब्ध कराएं। उन्होंने आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के लिए राजनीतिक दलों से सक्रियता की अपील की है। महात्मा विदुर सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने 01 जनवरी, 2025 के अर्हता दिनांक के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर को एकीकृत निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन होगा और दावे एवं आपत्तियों की प्राप्ति 29 अक्टूबर से 28 नवंबर, 2024 तक होगी। विशेष अभियान 09 10 और 23 24 नवंबर, 2024 को आयोजित किया जाएगा। टीं डीएम ने बताया कि दावे और आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसंबर, 2024 को होगा और अंतिम निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन 06 जनवरी, 2025 को किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बल्क में फार्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे और बूथ लेवल एजेंट अपने परिवार के अधिकतम 10 फार्म जमा कर सकते हैं अग्रवाल ने यह भी बताया कि मतदाता आनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप और ईसीआई की वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष जयसवाल और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। डीएम ने कहा कि विशेष अभियान में सभी राजनीतिक दलों की सहभागिता महत्वपूर्ण है ताकि अधिक से अधिक युवा मतदाता मतदान की प्रक्रिया में शामिल हो सकें।

## CM योगी से मिले मोहित के परिजन 10 लाख रुपये-बच्चों को मुफ्त शिक्षा; दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का दिया भरोसा



**लोक तंत्र की आवाज**

**रत्न**

**लखनऊ।** लखनऊ के चिनहट कोतवाली में पुलिस कस्टडी में पिटाई से हुई मोहित पांडेय की मौत के मामले में नए तथ्य सामने आए हैं। मोहित की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर चोट के निशान तो मिले हैं लेकिन मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। ऐसे में विसरा सुरक्षित किया गया है। सोमवार को सीएम योगी ने मोहति के परजिनों से मुलाकात कीपीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से अपना दर्द बयां किया। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को दस लाख रुपये, आवास, बच्चों की निःशुल्क शिक्षा व शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का निर्देश दिया। सीएम योगी ने पीड़ित परिवारीजनों को आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। किसी भी सूरत में दोषी बख्शे नहीं जाएंगे।

## मुरादाबाद:रास्ते रोकर महिला के साथ मारपीट व अभद्रता

**लोकतंत्र की आवाज़**

**संवाददाता सईद कुरैशी**

ठाकुरद्वारा। मुकदमे की तारीख पर ठाकुरद्वारा आ रही महिला को रास्ते में घेर कर कुछ लोगों द्वारा मारपीट की गई पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। डिलारी क्षेत्र के गांव गुलड़िया माफी निवासी नाजिया पत्नि मोहम्मद रफी सोमवार को अपने घर से ठाकुरद्वारा मुकदमें की तारीख पर आ रही थी। आप है कि ठाकुरद्वारा से डेढ़ किलोमीटर पहले घर लगाए बैठे कुछ लोगों ने उसे रास्ते में रोक कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पिड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## त्योहारों के मद्देनजर यूपी पुलिस अलर्ट डीजीपी ने दिए चेकिंग बढ़ाने के निर्देश सोशल मीडिया पर भी रहेगी नजर

**लोक तंत्र की आवाज**



**रत्न**

**लखनऊ।** यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने पुलिस विभाग को बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, शॉपिंग मॉल व भीड़-भाड़ वाली सार्वजनिक जगहों पर विशेष नज़र रखने के निर्देश दिए हैं. धार्मिक स्थलों के आसपास पोस्टर चेकिंग अभियान चलाने को कहा है. आगामी धनतेरस, दीपावली, भैया दूज और छठ पूजा जैसे त्योहारों को लेकर यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने पुलिस विभाग को निर्देश जारी किए हैं. उन्होंने निर्देश दिया कि त्योहारों के समय मार्केट में ज्यादा भीड़ होती है ऐसे में वहां पर पुलिस बल को तैनात किया जाए. साथ ही भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मियों की तैनात हो।

## दीपावली पर बदलेगा मौसम का मिजाज, आगरा में दिन गरम और रात ठंडी; देखें IMD का अपडेट

**लोक तंत्र की आवाज**



**रत्ना**

**लखनऊ।** दिवाली से पहले प्रदूषण की स्थिति बिगड़ने की आशंका है। पश्चिम विक्षोभ के कारण तापमान में वृद्धि हुई है। आगरा में दिन में गर्मी और रात में ठंड का अहसास हो रहा है। बरेली में भी मौसम बदलने के साथ ही गुलाबी ठंड शुरू हो गई है। अभी बरसात की संभावना से मौसम विभाग ने इनकार किया है। पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से रविवार को अधिकतम तापमान में 0.5 और न्यूनतम तापमान में 3.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई। आदृता का अधिकतम प्रतिशत भी बढ़ कर 93 पहुंच गया है। हवा की गुणवत्ता लगातार सुबह के समय खराब बनी हुई है। रविवार को अधिकतम तापमान 32.3 और न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जय भीमनगर स्थित एयर क्वालिटी मानीटरिंग स्टेशन में पीएम 2.5 की मात्रा शनिवार की रात 10 बजे रविवार की सुबह नौ बजे तक 250 से 315 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर के बीच बनी रही। पल्लवपुरम में भी यही स्थिति रही।

## शत्रु संपत्ति भवन में चल रहा होटल कबीला सील, कई और कब्जेदार भी रडार पर- 200 संपत्तियों का लिस्ट में नाम

**लोक तंत्र की आवाज**



**रत्ना**

**लखनऊ ।** लखनऊ जिले में शत्रु संपत्ति पर 200 से अधिक आवासीय व व्यावसायिक भवन हैं। इन सभी में व्यावसायिक गतिविधियां वर्षों से संचालित हो रही हैं। अवैध कब्जे की लगातार शिकायतें मिलने पर 15 मई 2023 से शत्रु संपत्तियों पर काबिज किरायेदारों से उनके काबिज होने का आधार किरायेदारी का विवरण नोटिसे भेजकर मांगा जाता रहा कुछ ने ही नोटिस का जवाब दिया।शत्रु संपत्ति भवन में चल रहा होटल कबीला सील, कई और कब्जेदार भी रडार पर- 200 संपत्तियों का लिस्ट में नाम लखनऊ जिले में शत्रु संपत्ति पर 200 से अधिक आवासीय व व्यावसायिक भवन हैं। इन सभी में व्यावसायिक गतिविधियां वर्षों से संचालित हो रही हैं। अवैध कब्जे की लगातार शिकायतें मिलने पर 15 मई 2023 से शत्रु संपत्तियों पर काबिज किरायेदारों से उनके काबिज होने का आधार किरायेदारी का विवरण नोटिसे भेजकर मांगा जाता रहा कुछ ने ही नोटिस का जवाब दिया। जमा किया और न ही किसी नोटिस का जवाब दिया। खबर में यह भी बताया गया था कि अभिलेख प्रस्तुत न करने पर प्रशासन कार्रवाई कर सकता है। उपजिलाधिकारी सदर अंकित शुक्ल व शत्रु संपत्ति के मुख्य पर्यवेक्षक यशपाल सिंह की अगुवाई में यह बड़ी कार्रवाई हुई है।

## मुरादाबाद:बाल क्रीड़ा न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न

**लोकतंत्र की आवाज़**



**नवील अहमद**

**भगतपुर-टाण्डा /ब्लॉक भगतपुर।** टाण्डा अंतर्गत न्यायपंचायत महेशपुर खेम की संकुल स्तरीय मिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सोमवार को कामेश्वर इंटर कॉलेज निबाड़ खास के मैदान में आयोजित हुई।खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस के निर्देशन एवं एआरपी सुरेन्द्रपाल सिंह की देखरेख में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।बीईओ द्वारा प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सोमवार को क्षेत्र के निबाड़ खास स्थित कामेश्वर इंटर कॉलेज में आयोजित संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधक अनिल ठाकुर, प्रधानाचार्य भौराज सिंह,एआरपी एवं न्यायपंचायत प्रभारी सुरेन्द्रपाल सिंह,वरिष्ठ शिक्षक करनपाल सिंह तथा अशरफ अली पाशा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया छात्र-छात्राओं ने दौड़,कूद,गोला एवं चक्का फेंक कबड्डी,खोखो,सुलेख एवं मानचित्र आदि विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाए।बीईओ मनोज कुमार बोस द्वारा प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पढ़ाई-लिखाई के साथ ही बच्चों के लिए खेलकूद भी बेहद महत्वपूर्ण है।खेल शरीर को सेहतमंद रखने के साथ ही अनुशासित रखने में मदद करते हैं।कार्यक्रम का संचालन सौरभ प्रसून,पूर्व एबीआरसी मोहम्मद अतीक और हरीश तिवारी ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर पूर्व एबीआरसी शमीम बेग,जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नरेशचंद्र, मंत्री वसीम अख्तर,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद तकी,शिक्षा मित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अशरफ अली पाशा, मोहम्मद लईक सैफी,छोटे सिंह,अरविंद कुमार, संदीप कुमार, रोहित कुमार, सुमित कुमार, विजेंद्रपाल सिंह,सुनील कुमार, इमरत कुमार,अंजुला सिंह,शीबा निसार,अलका रानी, हेमलता आर्य,पिंकी पाल,शीतू चौहान आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।खेल स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी हैं।ये शरीर को सेहतमंद रखने के साथ ही अनुशासित रखने में मदद करते हैं।मनोज कुमार बोस,बीईओ भगतपुर-टाण्डा।

## बलिया : जिलाधिकारी प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में विशेष जनपदस्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

**लोकतंत्र की आवाज़**

**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष जनपदस्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एलडीएम सुशील कुमार ने बताया कि वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देश के समस्त नागरिकों के लिए बीमा कवर प्रदान करने के लिए चलाई जा रही जनसुरक्षा योजनाओं यथा-प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से समस्त पात्र नागरिकों को आच्छादित करने के उद्देश्य से 15 अक्टूबर से 15 जनवरी तक जन सुरक्षा अभियान की शुरुआत की गई है बैंकों द्वारा ग्राम पंचायतों में कैंप लगाकर पात्र नागरिकों को आच्छादित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने एलडीएम से अब तक लगाए गए कैम्प एवं आच्छादित किए गए व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि बैंकों के डिस्ट्रिक को-ऑर्डिनेटर को समय से शेड्यूल उपलब्ध करा दिया जाय जिससे बैंक पूरी तैयारी के साथ ग्राम पंचायत में कैंप लगाकर शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को आच्छादित कर सके। उन्होंने कहा कि सभी बैंकर्स इस अभियान को गंभीरतापूर्वक लेते हुए कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही करें,जिससे शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को आच्छादित किया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी



बैंकर्स से कहा कि सी0डी0 रेशियों ( ऋण-जमा अनुपात) पर विशेष ध्यान देते हुए यह सुनिश्चित किया जाय कि सी0डी0 रेशियों मानक के अनुसार रहे, इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## प्रभारी मंत्री तथा मंत्री परिवहन ने बाबू मैनेजर सिंह मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**लोकतंत्र की आवाज**

**घनश्याम तिवारी**

बलिया- प्रभारी मंत्री/ राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग दयाशंकर मिश्र दयालु तथा मंत्री परिवहन दयाशंकर सिंह ने आज बलिया महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित बाबू मैनेजर सिंह मैराथन को कुंवर सिंह चौराहा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाबू मैनेजर सिंह मैराथन के तहत् 42.195 किमी, 21 किमी, 10 किमी तथा 05 किमी की आयोजित मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष,नगर पालिका परिषद बलिया सन्त कुमार उर्फ मिठाई लाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा पुलिस



अधीक्षक विक्रांत वीर, मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, अपर जिलाधिकारी डी0 पी0 सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन व नगर मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबरें ।

## लोकहित अधिकार पार्टी से नंदलाल साह ने राजमहल विधानसभा सीट से दाखिल किया अपना नामांकन



लोकतंत्र की आवाज

बरहरवा। लोकहित अधिकार पार्टी से नंदलाल साह ने राजमहल विधानसभा से अपना नामांकन निर्वाची पदाधिकारी सह राजमहल एसडीओ कपिल कुमार के समक्ष दो सेटों में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा राजमहल विधानसभा में शिक्षा,स्वास्थ्य,बेरोजगारी सहित अन्य विकास के मुद्दे पर नामांकन दाखिल किया।उन्होंने कहा कि यदि जनता का उन्हे आशीर्वाद मिला तो क्षेत्र की इन समस्याओं से जनता को निजात दिलवाएंगे।

## समस्तीपुरः सतर्कता अभीचेतना सप्ताह अंतर्गत सत्य निष्ठा का संकल्प जिलाधिकारी ने दिलाया




लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। केंद्रीय सतर्कता आयोग भारत सरकार द्वारा दिनांक 28.10.2024 से 3.11.2024 तक सतर्कता अभीचेतना सप्ताह मनाया जा रहा है। इस संदर्भ में मुख्य सचिव बिहार द्वारा सभी जिलाधिकारी, बिहार को उक्त सप्ताह अंतर्गत दिनांक 28.10.2024 को सभी नागरिकों द्वारा सत्य निष्ठा प्रतिज्ञा संबंधी संकल्प लिए जाने का निर्देश प्राप्त है जिसके आलोक में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियो/कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा संबंधित संकल्प जिलाधिकारी समस्तीपुर रोशन कुशवाहा द्वारा समाहरणालय सभागार समस्तीपुर में शपथ दिलाई गई।साथ हीं सभी कार्यालय प्रधान समस्तीपुर को सतर्कता अभीचेतना सप्ताह अंतर्गत सत्य निष्ठा की संकल्प अपने अधीनस्थ पदाधिकारी एवं कर्मियों को दिलाने हेतु निर्देशित किया गया।

## शराब कारोबारी महिला गिरफ्तार

लोकतन्त्र की आवाज़

वारिसनगर/समस्तीपुर। मथुरापुर थाना पुलिस के पीटीसी सुप्रिया आर्य द्वारा थाना क्षेत्र के रामनगर बांध पर बना झोपडी नुमा घर से चार लीटर देशी शराब बरामद करते हुए कारोबारी महिला पानो देवी जोजे स्व सोमर महतो साकिन रामनगर थाना मथुरापुर जिला समस्तीपुर को गिरफ्तार किया गया वही मथुरापुर के एसआई मुकेश कुमार द्वारा थाना क्षेत्र के मणिपुर से आठ लीटर देसी शराब लदा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद किया गया ।इस संबंध में बिहार मध निषेध अधिनियम के तहत कांड दर्ज करते हुए कारोबारी की गिरफ्तारी वास्ते सघन छापेमारी शुरू की गई की पुष्टि एसएचओ मुकेश कुमार ने की है।

## वारंटी को भेजा जेल

लोकतन्त्र की आवाज़

खानपुर/ समस्तीपुर। खानपुर थाना पुलिस द्वारा बीती रात्रि मिली गुप्त सूचना पर थानाक्षेत्र से वारंटी कलश सहनी पेसर लक्ष्मी सहनी साकिन चक्की कोठिया थाना विभूतिपुर जिला समस्तीपुर को उसके घर से गिरफ्त में ले माननीय न्यायलय सदर समस्तीपुर उपस्थापन वास्ते भेजा गया की पुष्टि प्रभारी एसएचओ नरेंद्र कुमार ने पुष्टि की है।

## इस्तहारी वारंटी को भेजा जेल

लोकतन्त्र की आवाज़

खानपुर /समस्तीपुर। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरिहरपुर खेड़ी से इस्तेहार वारंटी जय कृष्ण चौधरी पिता स्व महेश्वर चौधरी थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को खानपुर थाना पुलिस द्वारा घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया की पुष्टि प्रभारी थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने की है।



# सोशल मीडिया परफॉरमेंस इंडेक्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**साहेबगंज।** विधानसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर सोशल मीडिया परफॉरमेंस इंडेक्स का प्रशिक्षण पंचायतीराज कार्यालय हॉल में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से विभिन्न संस्थाओं से आए प्रतिनिधियों एवं सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स को बताया गया कि सोशल मीडिया इंडेक्स क्या है

सोशल मीडिया इंडेक्स (एसएमआई) हमें यह बताता है कि प्रकाशकों को प्रतिदिन सोशल मीडिया से कितने प्रतिशत ट्रैफिक प्राप्त होता है। वेब ट्रैफ़कि उत्पन्न करने में सोशल मीडिया एक महत्त्वपूर्ण प्लेटफार्म है। पर अधिकांश प्रकाशन में यह कमी जो जनता को यह जानकारी दे सके कि वह ट्रैफ़कि वास्तव में किससे संबंधित है। हालाँकि ऐसे मौजूदा विश्लेषण हैं यह जानकारी को व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण साधन है।सोशल मीडिया इंडेक्स अपनी तरह का पहला इंडेक्स है, जिससे किसी के लिए भी आसानी से रुझानों की पहचान करना, सोशल मीडिया से उत्पन्न ट्रैफिक में उछाल और पैटर्न को पहचानना और कई मामलों में उनके कारण की पहचान करना संभव हो गया है।

**सोशल मीडिया इंडेक्स कैसे काम करता है :** यह चार्ट उन उपयोगकर्ताओं के पेजव्यू का प्रतिशत दर्शाता है जो सोशल नेटवर्क ढंत्री श्रीद्द से प्रकाशकों की वेबसाइट पर जाते हैं। फेसबुक, X/)Twitter लंबे समय से ट्रैफ़कि का प्रमुख स्त्रोत रहा है, इसका विजुअलाइज़ेशन बनाने के लिए डेटा को उरश- कोमा सेपरेटेड वैल्यू (टेबुलर - Tabular ferm फोर्म) फ़ाइल के रूप में ब्यक्त किया जा सकता हैं। राज



एसएमआई को संकलित करने के लिए, हम दुनिया भर के एक हजार से अधिक विभिन्न प्रकाशकों के ट्रैफिक स्त्रोतों को एकत्रित किया जाता हैं। एसएमआई पेजव्यू की कुल संख्या, साथ ही सोशल मीडिया पर विज़टिर की संख्या पर निर्भर करता है।

**सोशल मीडिया इंडेक्स का उपयोग कौन कर सकता है :** देश, राज्य और समाज को जागरूक करना हमारे लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए किसी को भी व्यक्तिगत, वाणिज्यिक या शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए एसएमआई का उपयोग करने की अनुमति है। भारत निर्वाचन आयोग ने एक रिपोर्ट जारी की है कि सोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्स में झारखंड को पहला स्थान मिला है सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने में सक्रियता के आधार पर देशभर के टॉप 10 राज्यों की सूची में झारखंड पहले पायदान पर रहा है।

झारखंड में मतदाता जागरूकता को लेकर लगातार कई बड़े सोशल मीडिया अभियान चलाए गए हैं. किसी भी सामाजिक मुद्दों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने में सोशल मीडिया की भूमिका अहम है। वर्तमान परिवेश में मतदाता जागरूकता जैसे किसी भी सामाजिक मददों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने के लिए सोशल मीडिया एक सशक्त और प्रभावी माध्यम है. इस बार झारखंड में इस दिशा में सोशल मीडिया का सकारात्मक प्रयोग किया गया.।

देश के सभी राज्यों के सीईओ कार्यालयों की सोशल मीडिया सक्रियता की रैंकिंग के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से जो हर माह परफॉर्मेंस इंडेक्स तैयार होती है. उसमें 14 विभिन्न मानकों को आधार बनाया जाता है. इन मानकों में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की कुल मासिक रीच, सब्सक्राइबर संख्या में आनुपातिक वृद्धि, नवाचारी अभियानों की संख्या, क्षेत्रीय भाषाओं में पोस्ट की संख्या समेत अन्य प्रमुख रूप से शामिल हैं।

मौके पर नोडल पदाधिकारी मीडिया कोषांग मार्टीन तारिक, स्वीप कोषांग नोडल पदाधिकारी चित्रा यादव, जिला मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता, प्रशिक्षक के रूप में सुभाशिष, प्रभात कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, जिला के स्कूल, कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स उपस्थित थे।

## ताजपुर प्रखंड कांग्रेस कमिटी ने किया मिलन समारोह आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

**ताजपुर/समस्तीपुर।** प्रखंड कांग्रेस कमिटी ताजपुर द्वारा शाहपुर बघौनी पंचायत अंतर्गत फाजिलपुर गांव में नजमुल हुदा के घर पर कांग्रेस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अब्दुल मालिक ने किया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मो अबू तमीम एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मो मोहिउद्दीन ने भाग लिया।

समारोह को संबोधित करते हुए अबू तमीम ने वर्तमान समय में देश के संविधान पर उत्पन्न खतरे पर प्रकाश डालते हुए कहा की संविधान को बचाने एवं देश को सुदृढ़ करने के लिए युवाओं का कांग्रेस पार्टी से जुड़ना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं एवं आमजनों का आहवान किया की वे अधिक से अधिक कांग्रेस से जुड़कर मजबूत बनाने का काम करें। अपने अध्यक्षीय भाषण में अब्दुल मलिक ने कहा की युवा शक्ति ही देश का भविष्य हैं अतः युवाओं को अधिक से अधिक कांग्रेस से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में अपने भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव अब्दुल फत्ताह, जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मोइन रजा , अबू हैदर उर्फ़ मुन्ना भाई, अमित प्रसाद केसरी, मो0 इसराफील, संजय राय, सुरेंद्र महतो, दिलदार हुसैन, विनोद कुमार सिंह आदि लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आमजनों विशेष कर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की तथा राष्ट्र के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

सदस्यता ग्रहण करने वाले प्रमुख लोगों में नजमुल हुदा, गणेश साह, मो अनवर, मो नौशाद, मो फिरदौस, नरेश सिंह कुशवाहा, मो ऐनुल, गुलबहार अंसारी, दयानंद शर्मा, अमित कुमार, शदाब फरीदी, राजिक हुसैन, अबू ज़ैद कफील आदि का नाम शामिल है।

## शराब पीने के आरोप में रमनकुमार को भेजा जेल



लोकतन्त्र की आवाज़

**शिवाजीनगर/समस्तीपुर।** हथौड़ी थाना पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के बल्लीपुर चौक से नशे की हालत में रमनकुमार उर्फ रमनजीकुमार दास उम्र 21वर्ष पेसर साहेब दास साकिन दसौत थाना शिवाजीनगर जिला समस्तीपुर को गिरफ्त में ले मेडिकल जांच में शराब पिए की पुष्टि उपरान्त माननीय उत्पाद न्यायलय सदर समस्तीपुर उपस्थापन वास्ते उचित मार्ग रक्षण में भेजा गया की पुष्टि एसएचओ मोनू राय ने की है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवको ने दिवाली विथ माय भारत कार्यक्रम का आयोजन किया

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार मारवाड़ी महाविद्यालय भागलपुर के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बासुकी कुमार एवम् डॉ. विजय कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले स्वयंसेवकों के द्वारा समय 9:00 बजे पूर्वाहन से माई भारत के प्रथम वार्षिकोत्सव के अवसर पर दिवाली विथ माय भारत, 2024 कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर, चौक, चौराहे इत्यादि जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में सराय चौक, भागलपुर में यातायात पुलिस के साथ उनका सहयोग करते हुए यातायात नियमों का पालन करने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया गया। वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए उन्हें फूल देकर उत्साहित किया गया।



इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हरिओम कुमार, यश राय, शुभम, श्याम, शिवसागर, सन्नी, मृत्युंजय, मंजीत कुमार, राधा कुमारी, कुसुम भारती, दीपशिखा भारती, सविता कुमारी, कोमल कुमारी, इत्यादि सभी स्वयंसेवक की अहम भूमिका रही।

## कार्रवाईः छापामारी कर पुलिस ने हथियार और गोली बरामद किया

लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** पीरपैंती थाना परिसर में एसडीपीओ कहलगांव 2 ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सूचना दी शाहाबाद स्थित भूलन इंटरप्राइजेज टोटो शोरूम में हथियार और गोली बरामद की गई है। पुलिस को खुफिया सूचना प्राप्त हुई थी कि भूलन इंटरप्राइजेज में भारी मात्रा में अवैध आग्नेयास्त्र रखा हुआ है।

सूचना को सही सत्यापित होने के बाद थाना कांड संख्या 503/ 24 दिनांक 27,10,24 धारा 25 और 26 आर्म्स एक्ट के तहत भूलन दुबे दुबौली थाना पीरपैंती भागलपुर के प्राथमिक दर्ज का अनुसंधान किया जा रहा है । बरामद सामग्री में एक देसी कट्टा, जिंदा गोली62 और एक चाकू बरामद किया गया है। छापामारी दल में 2 डॉक्टर अर्जुन कुमार, थाना प्रभारी पीरपैंती,राहुल कुमार और संजय महाराज के साथ सशस्त्र बल शामिल थे। इस कार्रवाई से क्षेत्र के अपराधियों में भय का माहौल है।



## पाकुड़ में बदलाव की बयार, सपा के साथ जनता का बहुमत तैयारः अकिल अख्तर



लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**बरहरवा।** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अकिल अख्तर के नामांकन के दौरान एक ऐतिहासिक जनसैलाब उमड़ा। हजारों की संख्या में जुटे लोगों का समर्थन स्पष्ट संकेत दे रहा है कि पाकुड़ की जनता अब परिवर्तन चाहती है।

अकिल अख्तर ने अपने संबोधन में पाकुड़ की आवाम को आश्वस्त किया कि उनका यह कदम सिर्फ चुनावी राजनीति का नहीं, बल्कि पाकुड़ के भविष्य के लिए संकल्प है। उन्होंने कहा, हम पाकुड़ को आलमगीर आलम के भ्रष्ट कार्यकाल की समस्याओं और कठिनाइयों से छुटकारा दिलाने का वादा करते हैं। जनता को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में सुधार का पूरा भरोसा दिलाते हैं।

पाकुड़ की जनता ने जो जोश और समर्थन दिखाया है, उससे साफ है कि अब समाजवादी पार्टी यहां मजबूती से उभर रही है। अकिल अख्तर ने जनता के इस समर्थन पर आभार प्रकट करते हुए कहा, यह बदलाव का संकल्प है, जो समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर ही संभव होगा। हम सब मिलकर पाकुड़ को एक नई राह पर ले जाएंगे, जहां हर नागरिक को सम्मान और अवसर मिलेगा। पाकुड़ के हर नागरिक के सपनों को साकार करना ही हमारा लक्ष्य है। एक ऐसा पाकुड़ बनाएंगे, जहां हर एक व्यक्ति की आवाज़ सुनी जाएगी और विकास सबके लिए होगा।

**● अकिल अख्तर के नामांकन सभा में उमड़ा जनसैलाब**

इस मौके पर सपा प्रत्याशी पूर्व विधायक अकिल अख्तर के नेतृत्व में महिला कांग्रेस जिला कमेटी की जिला अध्यक्ष सिमा सोनी भगत एवं महिला कांग्रेस जिला सचिव अस्मानरा खातून उर्फ हेना ने सैकड़ों कांग्रेस नेत्रियों के साथ कांग्रेस पार्टी त्यागकर समाजवादी पार्टी में शामिल हुई। इसके अलावा पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं कांग्रेस नेता हाजिकुल आलम, सोनू आलम, मुन्ना मुस्ताक सहित दर्जनों कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस को अलविदा कहकर समाजवादी पार्टी का दामन थामा।

मौके पर युवा नेता अफीफ अमसल, मो. मोसब्बर, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष रफीक अहमद, बरहरवा प्रखंड अध्यक्ष अंसार अली उर्फ मिंटू, उपमुखिया अफजल हुसेन, वरिष्ठ कार्यकर्ता अब्दुल रसीद, सरफराज अहमद, अबुल कलाम, हैदर अली, अनिकुल शेख, करीम शेख, रमजान अली, आलमगीर आलम,मीडिया प्रभारी अहमदुल्ला, युवा प्रखंड अध्यक्ष सादाकाश अली, युवा प्रखंड प्रभारी मंजूर आलम, पूर्व मुखिया राहुल शेख, कामरुज्जन सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मंदिर का रंग-रोगन, मूर्ति और पंडाल निर्माण अन्तिम चरण में

लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड के शेरमारी बाजार स्थित काली मंदिर में दीपावली पूजन की तैयारी अंतिम चरण में है। मंदिर का रंग रोदन ,मूर्ति निर्माण, पंडाल निर्माण लगातार जारी है । यह मंदिर 200 वर्षों से अधिक प्राचीन है ।प्राचीन काल में दिल जान बाबू नमक जमींदार को सपने में भगवती ने दर्शन दी। प्रारंभ में कुछ समय तक काली देवी पिंडी के रूप में पूजी गई। उसके बाद मंदिर में स्थाई छोटी मूर्ति का निर्माण कर साल भर पूजा होने लगा।

इस मंदिर में वैष्णो पद्धति से पूजा की जाती है ।यहां बलि प्रथा नहीं है। इस बात की जानकारी मंदिर के पूर्व पुजारी बद्री विशाल शास्त्री ने दी। उन्होंने कहा कि मंदिर पर हमारे पांच पीढ़ी पूजा करते हुए आई है। बीच में कुछ मतभेद के कारण पूजा करना छोड़ छोड़ दिया गया है। खैर जो भी हो मूर्ति का निर्माण और मेला धूमधाम से आयोजित होगा। पूजा कमेटी के सदस्य मनोज चौधरी, चंकी कुमार, राजन कुमार ने बताया कि हर एक साल की तरह इस साल भी मेला की तैयारी चल रही है। विदित होकर भगवती का प्रतिमा विसर्जन देखने के लिए आसपास के गांव से भी लोग आते हैं।



**● पीरपैंती प्रखंड के शेरमारी बाजार स्थित काली मंदिर 2 सौ वर्ष पूराना है, यहां लोगों की मन्नतें होती है पूरी**

## संक्षिप्त खबरें ।

### किशोरी ने किया विषपान अस्पताल में भर्ती

बगहा। नगर थाना क्षेत्र के रत्नमाला मोहल्ले में एक 18 वर्षीय किशोरी ने विषपान कर ली। स्तिथि गंभीर होते ही स्वजनों के द्वारा इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपस्थित चिकित्सक डॉ विद्यानंद पाल ने प्राथमिक उपचार किया प्राथमिक उपचार के बाद उन्होंने बताया कि किशोरी को इलाज के लिए गंभीर स्थिति में लाया गया था। इलाज के उपरान्त स्तिथि सामान्य हुई है। किशोरी की पहचान रत्नमाला मोहल्ला निवासी विजय शंकर वर्मा के 18 वर्षीय युवती गीता कुमारी के रुप में हुई है। इलाज चल रहा है। वहीं किशोरी के मां ने बताया कि ग़लती से कर ली है। बताते चले कि लगातार विषपान करने का मामला प्रकाश में आ रहा है। अब क्या कारण है कि लगातार विषपान किया जा रहा है। पुलिस मामले कि जांच कर रही है।

### नवादा में रेलवे पुल से गिरकर एक व्यक्ति की मौत



सुनील कुमार

नवादा : जिले के हिसुआ प्रखंड के तुंगी गांव के एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान कृष्ण देव प्रसाद के रूप में की गई है। मृतक के पुत्र शुभम कुमार ने बताया कि उसके पिता रेलवे में ठेकेदार के अधीन काम किया करते थे,जहां रेलवे के पुल का निर्माण हो रहा है। इसी पुल से नीचे वे गिर गए और गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। लेकिन ठेकेदार द्वारा समय पर उन्हें अस्पताल नहीं पहुंचाया गया। काफी देर के बाद हम लोगों को जानकारी दी गई। जिसके बाद अस्पताल में हम लोगों ने भर्ती कराया। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद पावापुरी विम्स रेफर कर दिया गया। वहां से भी पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। पटना ले जाने के क्रम में रास्ते में उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। इस पूरे मामला की जानकारी मिलते ही नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार के द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम करवाया गया और परिवार के हवाले सौंप दिया गया है।

### पत्रकार पंकज सिन्हा को मातृशोक ,समाजसेवियों एवं पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि



सुनील कुमार

नवादा : नवादा के जानेमाने पत्रकार व नवबिहार टाईम्स के ब्यूरोचीफ सह आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन के मगध प्रमंडल अध्यक्ष डॉ॰ पंकज कुमार सिन्हा की मां 80 वर्षीय मनोरमा देवी की रविवार की देर रात निधन हो हो गया। जिसके बाद समाजसेवियों एवं पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गया। सभी लोग पत्रकार के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट किया। स्व. मनोरमा देवी सेवानिवृत शिक्षिका थी ,जिन्होंने समाजसेवा के साथ अपने परिवार और बच्चों को एक सूत्र में बांधकर रखा। वे अपने भरापूरा परिवार छोड़कर चली गयी। सोमवार को उनका दाह –संस्कार नवादा के मिर्जापुर स्थित बिहरघाटी घाट पर किया गया। इस दौरान काफी संख्या में नवादा के पत्रकार ,साहित्यकार समाजसेवी और परिवारजन शामिल हुए। इस मौके पर समाजसेवी राजीव सिन्हा ,मनीष सिन्हा ,मंजूर आलम ,मुरारी कुमार ,जितेंद्र कुमार ,जितेंद्र प्रताप जीतू ,कैलाश विश्वकर्मी समेत पत्रकार सुनील कुमार ,यशवंत सिन्हा ,अनिल विशाल ,सूरज कुमार ,आलोक वर्मा ,उदय सिन्हा ,अमन सिन्हा इलू , बनारसी लाल समेत सैकड़ों की संख्या में लोगों ने घाट पर शामिल होकर उन्हें अंतिम विदायी देकर आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

# 65 वाहिनीं एसएसबी बगहा एवं सनफ्लावर चिल्ड्रेन्स पब्लिक स्कूल,बगहा द्वारा सतर्कता जागरूकता रैली और स्वच्छता अभियान का किया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज बगहा

**स्वच्छता ही सेवा के साथ ही आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयुर्वेद के महत्व के बारे में जागरूक किया गया**





लोकल सत्ता

**बगहा।** 65वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया सीमांत प्रशिक्षण केंद्र बगहा द्वारा कोजा राम लामरोड़,द्वितीय कमान अधिकारी के मार्गदर्शन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के विशेष अवसर पर 65वीं वाहिनी के बल कार्मिकों और सनफ्लावर चिल्ड्रेन्स पब्लिक स्कूल,बगहा के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने संयुक्त रूप से सतर्कता जागरूकता रैली और स्वच्छता श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया।यह रैली सनफ्लावर चिल्ड्रेन्स पब्लिक स्कूल से चलकर मालकौली मोड़ तक गई और वापस स्कूल पर पहुँच कर सतर्कता जागरूकता रैली का समापन किया गया तदोपरांत सभी बलकर्मियों और बच्चों ने संयुक्त रूप से स्वच्छता श्रमदान का आयोजन करते हुए सनफ्लावर चिल्ड्रेन्स पब्लिक स्कूल,बगहा की साफ–सफाई की गई क इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता ही सेवा के साथ ही आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयुर्वेद के महत्व के बारे में जागरूक किया गया तथा आयुर्वेद के नियमों तथा उपचारों को दैनिक जीवन में प्रयोग हेतु प्रोत्साहित किया गया क इस कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक– अलोकवी ए लोहे, निप्पू कुमार पाठक– प्रधानाचार्य, शिक्षकगण,विद्यार्थी एवं 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के बलकर्मी उपस्थित थे ।

### महिला से मारपीट कर झोपड़ी का सामान फेंकने, ब्लाउज फाड़ने व मंगलसूत्र छिनने का एफआईआर दर्ज।



लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा ।** थाना क्षेत्र के बेलवा बहुवारी गांव निवासी पुलिस यादव की पत्नी मुखन देवी ने झोपड़ी में रखे सामान को फेंकने, मारपीट करने तथा सोने की मंगलसुत्र छीन लिए जाने का एफआईआर गौनाहा थाने में दर्ज कराई है। दर्ज मामले में पीड़ित महिला का कहना है कि 25 अक्टूबर को 8 बजे सुबह अपने दरवाजे पर बैठी थी। मेरे दरवाजे पर एक झोपड़ी है। इसी बीच बेलवा बहुअरी गांव निवासी खेदारु मुखिया, बेचू मुखिया, नेवरी देवी व बिंदु देवी हाथों में लाठी, फरसा तथा लोहे का रड़ लेकर मेरे दरवाजे पर पहुंचे और मेरे झोपड़ी को अपना कह कर उसमें रखा सामान फेंकने लगे। विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए बेचू मुखिया मेरा बाल पड़कर जमीन पर घसीटने लगे। पति द्वारा बीच बचाव करने पर बेचू मुखिया द्वारा लोहे के रड से मारकर उनका दाया हाथ तोड़ दिया गया और अस्मत लूटने के नियत से बेचू मुखिया द्वारा मेरा ब्लाउज फाड़कर अर्धनग्न कर दिया गया। इसी समय मौका पाकर नेवली देवी व बिंदु देवी मेरे गले के सोने का मंगलसूत्र छीन लिया। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### सिरदलाः अवैध गिट्टी चोरी करने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार तीन ट्रैक्टर जप्त



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

**सिरदला।** पुलिस ने अवैध गिट्टी से लदा तीन ट्रैक्टर को जप्त किया है। साथ में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। थाना अध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार लोगों की पहचान रजौली थाना क्षेत्र के रामदासी गांव निवासी नारायण यादव के पुत्र वीरेंद्र प्रसाद रजौली थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी राम रतन प्रसाद के पुत्र सनोज कुमार तथा एक विधि विरुद्ध बालक बताया गया है। जिसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 399/24 प्राथमिकी दर्ज किया गया है। उक्त तीनों आरोपी को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि इन तीनों लोगों के द्वारा अवैध गिट्टी का परिचालन ट्रैक्टर से किया जा रहा था। लौंन्द पदमौल रेलवे क्रॉसिंग से पकड़ा गया है।

# गौनाहा बीडीओ बने बेतिया जिला अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष।

लोकतंत्र की आवाज



**गौनाहा।** प्रखंड के बीडीओ शिवजन्म राम को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। बेतिया के नगर निगम आयुक्त शंम्भु कुमार पुर्व अध्यक्ष के तबादला होने के उपरांत जिला मे बैठक आयोजित कर शिवजन्म राम को नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है। मौके पर पुर्व डीएसपी रामदास बैठा, कैलास राम, डॉ प्रेम कुमार, सुरेश राम, सुरेन्द्र राम, रामप्रकाश पासवान, रामजीत राम, अरविंद रवि, कृष्णा राम, बेचू पासवान, योगेन्द्र पासवान, जयप्रकाश राम, शिवकुमार राम, हरिशंकर राम आदि उपस्थित थे। बीडीओ को बधाई देने वालों मे सीओ विवेक कुमार सिंह, आरो दिपक राम, मुखिया छोटन साह, रामबिहारी महतो, प्रदिप पंजियार, तफरुल हयात, शहर चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि सोवालाल प्रसाद, रानू मिश्रा, सुरेश महतो, सुनील महतो, बृजेश यादव, शंभु राउत आदि शामिल हैं।

# गौनाहा में वैशाली डीएम के विरोध में सरकारी अधिकारी व कर्मीयों ने लगाया काला बिल्ला

लोकतंत्र की आवाज



**गौनाहा ।** प्रखंड वैशाली डीएम द्वारा ग्रामीण सेवा संघ, पंचायत राज सेवा संघ व राजस्व जिला सेवा संघ के कर्मचारियों को बिहारी कह कर गाली देने के विरोध में गौनाहा प्रखंड, अंचल, पंचायती राज विभाग सहित अन्य कर्मियों ने कला बिल्ला लगाकर विरोध जताया। अंचल कार्यालय परिसर में बीडीओ शिव जन्म राम, सीओ विवेक कुमार सिंह, आरो दीपक कुमार राम, अंचल नाजिर कलीम आलम, अंचल के हेड क्लर्क बागेस चंद्र सिंह, चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी अरुण शुक्ला, रघुनाथ पासवान, कंप्यूटर ऑपरेटर सुभम शर्मा, विवेक कुमार, रवि कुमार चौधरी, प्रखंड कर्मी श्रीराम महतो, सर्वेश श्रीवास्तव, पवन कुमार, मोहित कुमार आदि ने काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया। उनका कहना था कि जबतक वैशाली डीएम को नहीं हटाया जाएगा। सभी विभाग के सभी सरकारी कर्मी नियोजित कर्मी कला बिल्ला लगाकर विरोध जारी रखेंगे। विदित हो कि बिहार सरकार के प्रधान सचिव आमिर सुबहानी ने सभी विभाग के विभागाध्यक्षों, सभी प्रमंडलीय आयुक्त व जिला पदाधिकारी को अपने पत्रांक 8322 मे यह निर्देश दिया था कि उच्च पदिस्नथ पदाधिकारीयों के द्वारा अपने अधिनस्थ पदाधिकारीयों एवं कर्मचारियों के साथ साम्य आचर्ण एवं मर्यादित व्यवहार करें।

# भू सर्वे को लेकर ग्रामीणों को किया गया जागरुक,शामिल हुई अमीन।

लोकतंत्र की आवाज



**बगहा।** एक प्रखंड के भैरोगंज पंचायत के कपरधिका निवासी शत्रुघ्न सिंह के दरवाजे पर भू सर्वे को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।इस मौके पर पहुंची अमीन उर्मिला साह एवं अनब्या कुमारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सर्वे से संबंधित कागजातों को भरकर समय रहते जमा करने का आग्रह किया।दोनों ने बताया कि फार्म जमा करने का अंतिम तिथि आगामी 30 नवंबर है।भैरोगंज पंचायत सरकार भवन में शुक्रवार और सोमवार को कागज जमा करने के लिए हम लोग उपस्थित होते है।इसलिए आप लोग उस समय पहुंच कर अपना कागज जमा करे।इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने सर्वे से संबंधित अनेक सवाल किए और तमाम जानकारी हासिल की।अमीन ने ग्रामीणों को भू सर्वे में दाखिल किए जाने वाले कागजातों के बाबत जानकारी दी।मौके पर वार्ड सदस्य सह उप मुखिया अशोक दास,नवल किशोर तिवारी,राम नारायण पंडित,हिमांशु सिंह,अजय सिंह,विनय सिंह,विजय राव,रामबदन राव,अविनाश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# सिरदलाः पुलिस ने मारपीट में बीएनएस के पांच आरोपी को किया गिरफ्तार भेजा न्यायालय

लोकतंत्र की आवाज



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

**सिरदला।** पुलिस ने क्षेत्र के सिरदला तथा कोल्डिहा से मारपीट करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान सिरदला गांव निवासी तारक गोस्वामी के पुत्र शिव गोस्वामी, राजेश गोस्वामी, डब्लू गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 397/ 24 प्राथमिक की दर्ज किया गया है। तथा दूसरे पक्ष के कोल्डिहा गांव निवासी लक्ष्मण राम के पुत्र उपेंद्र कुमार एवं अंकित कुमार बताया गया है जिसके विरूद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 398/ 24 प्राथमिकी दर्ज किया गया है। उक्त पांचो आरोपी को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि इन दोनों पक्ष के बीच सड़क पर दुकान लगाने के कारण गाली गलौज, हाथापाई एवं मारपीट की किया गया था।

# बगहाःत्योहारों की तैयारी में जुटे कुम्हार मिट्टी से दीया बनाने का काम तेज हो चूका है

लोकतंत्र की आवाज





**बगहा।** दीपावली व छठ आते ही मिट्टी कार्य से जुड़े कुम्हार समाज के लोग इन दिनों दीया बनाने में व्यस्त हो जाते हैं। दिवाली को लेकर दीया निर्माण कार्य चरम पर पहुंच चुका है। दीपावली करीब आते ही मार्केट में मिट्टी से निर्मित दीया व अन्य समान की दुकान सजने लगी है। मिट्टी से दीया बनाने का काम तेज हो चूका है। दीपावली पर्व को लेकर लोगों में उत्साह नजर आने लगा है। बगहा के कुम्हार गोबिंद पड़ित, पिंटू पड़ित मिट्टी के सामान तैयार करने में व्यस्त हैं। पूजन के लिए लगने वाली मिट्टी के विभिन्न पात्र भी बना रहे है। इन दिनों सभी कुम्हार इसी काम में लगे हुए हैं। मिट्टी के दिए, कलश आदि बनाने में दिन रात एक किए हुए हैं। कुम्हारों के हाथ जब चाक पर थिरकने लगते हैं, तो मिट्टी भी कई आकर्षक आकारों में दीपक, गणेश प्रतिमा, लक्ष्मी प्रतिमा से लेकर कई बेहतरीन सामान स्वरूप में आ जाती है। कुम्हारों ने मिट्टी का दीया बनाने का काम तेज किया है। कुम्हार परिवार इसमें हाथ बटा रहे हैं। रंग–रोगन के साथ ही पर्व का उत्साह देखा जा रहा है। कुम्हारों के पसीने से आकार ले रहे दीपक दीपावली पर कई घरों को रोशन करने के लिए अभी से ही शहर और गांवों के हर कोने में मिट्टी से बनने और बिकने शुरू हो चुके हैं। धनतेरस पर कच्चे मिट्टी के दीये, नरक चतुर्दशी पर आटे के दीये और लक्ष्मी पूजा पर मिट्टी के पके हुए नए दीये से दीप जलाने की परंपरा है। मिट्टी के तरह–तरह दिए, लक्ष्मी गणेश सरस्वती की मूर्ति, ग्वालिन बना रहे हैं। दीपावली के लिए कुम्हारों ने तैयारियां शुरू कर दी है। वे दीये बनाने के साथ वे मां लक्ष्मी की आकर्षक रंग बिरंगी मूर्तियां भी बना रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज,लगा जुर्माना



वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):- वारिसलीगंज बिजली अनुमंडल कार्यालय के सहायक अभियंता राजीव रंजन के नेतृत्व थाना क्षेत्र के मंजौर बेलदरिया गांव में शनिवार को की गयी छापेमारी में एक व्यक्ति को चोरी से बिजली मोटर चलते पकड़ा गया। जिसके बाद सहायक अभियंता श्री रंजन के लिखित आवेदन पर संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी साथ ही बिजली चोरी करने के आरोप में 67051 रुपये का जुर्माना भी किया गया है।वहीं प्रखंड में बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया है।

### चार वर्षों से फरार सड़क लुटेरा को पुलिस ने किया गिरफ्तार



धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावा।पकरीबरावां पुलिस ने चार वर्षों से फरार चल रहे सड़क लूटकांड के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिसिया दबिश के कारण अभियुक्त ने झारखंड के हजारीबाग जिला अंतर्गत गिद्दी थाना में आत्मसर्पण कर दिया है, जहां से पकरीबरावा पुलिस उसे विधिवत गिरफ्तार कर पकरीबरावां लाई। पुलिस कप्तान अभिनव धीमान के आदेश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान के तहत न्यायालय द्वारा निकाले गए कुर्की जब्ती के आदेश के आधार पर पकरीबरावां पुलिस जमुई जिले के लछुआड़ थाने के लोहसियानी गांव पहुंचकर कुख्यात सड़क लुटेरा बबलू कुमार तथा उदय यादव के घर की कुर्की की कार्रवाई शुरू की। बबलू यादव के घर के सारे सामान कुर्क करने के उपरांत जैसे ही उदय यादव के घर की कुर्की की जाने लगी, उनके परिजन द्वारा कुर्की रोकने का आग्रह करते हुए बताया कि उदय यादव हजारीबाग में है। उसे शीघ्र आत्मसमर्पण करा देते हैं। कुछ ही देर कुख्यात उदय ने गिद्दी थाना में आत्मसमर्पण कर दिया, जिसकी पुष्टि वहां के थाना के प्रभारी द्वारा दूरभाष पर पकरीबरावां थाना को सूचना देते हुए किया गया। एसपी के आदेश पर पकरीबरावां थानाध्यक्ष अजय कुमार द्वारा हजारीबाग के गिद्दी थाना पहुंचकर कुख्यात लुटेरा उदय यादव को हिरासत में ली गई, जहां से उसे नवादा लाया गया। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर कुर्की करने गए पुलिस दबिश के कारण कुख्यात लुटेरा ने आत्म समर्पण किया है। कहा उदय यादव तथा बबलू यादव 2020 में पकरीबरावां में सड़क लूट के मामले में अभियुक्त बना था। तनपुरा फॉल के पास बाइक सवार से हथियार के बल पर बाइक, रुपए एवं मोबाइल की लूट की गई थी, जिसके बाद पीड़ति के आवेदन पर पकरीबरावां थाना कांड संख्या - 266/20 दर्ज किया गया था। दोनों अभियुक्त फरार चल रहे थे।

### अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावा।पकरीबरावां। इण्टर विद्यालय पकरीबरावां में सोमवार को अन्तराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम के द्वारा जागरूकता कार्यत्रम्म एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यत्रम्म की अध्यक्षता इण्टर विद्यालय पकरीबरावां के प्रभारी प्राचार्य शिवकुमार प्रसाद एवं महिला विकास निगम के समन्वयक इबाना में संयुक्त रूप से किया।इस बीच समन्वयक ने कार्यत्रम्म के दौरान बच्चों को जागरूक किया। रैली के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाई गई। इस मौके पर शिक्षक राजेश पांडेय, राजीव कुमार सिंह, नवीन कुमार, सलामत अंसारी, कुन्दन कुमार, दिनेश पासवान, दिलीप कुमार, वेदप्रकाश शर्मा, सुमन कुमार, अस्मिता भारती, मनीषा रानी, सोनाली अग्रहरी, बंटी प्रसाद, सइस्ता प्रवीण आदि उपस्थित थे।

# मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सदा की विफल नीतियों से जनता परेशान, असल मुद्दों से लोगों को भटका रहे हैं मंत्री झ्र पूर्व आईपीएस : आनंद मिश्रा

लोक तंत्र की आवाज

**स्थानीय लोगों से बातचीत कर जन सुराज के उद्देश्य और विचारों को साझा किया**



**कैमूर।** आगामी 13 नवंबर को बिहार की चार विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के मद्देनजर जन सुराज ने अपनी रणनीति को धार देना शुरू कर दिया है। इस चुनावी अभियान के तहत जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर और उनके साथ सभी उम्मीदवार लगातार जनता के बीच पहुँच कर संवाद स्थापित कर रहे हैं। इसी त्र्म में पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा रामगढ़ पहुंचे, जहाँ उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर जन सुराज के उद्देश्य और विचारों को साझा किया। जन सुराज की बढ़ती लोकप्रियता को लेकर विभिन्न विपक्षी दलों की ओर से प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। हाल ही में बिहार के मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सदा द्वारा जन सुराज के खिलाफ कुछ बयानों के जवाब में आनंद मिश्रा ने कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि मद्य निषेध मंत्री को अपने कार्यों और विभाग की जिम्मेदारियों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने मंत्री से सवाल किया कि उनके विभाग की विफलताओं को दरकिनार कर जनता को भटकाने वाले ऐसे बयानों का क्या औचित्य है। आनंद मिश्रा ने कहा, अगर गांधीजी के विचारों की बात करते हैं, तो पहले उनके विचारों को समझें और अपने कार्यों पर भी ध्यान दें। आपके विभाग की नीतियाँ जमीन पर प्रभावी तरीके से लागू नहीं हो पा रही हैं, और यह आपकी जिम्मेदारी है कि उसे सुचारु रूप से लागू करवाएं। आनंद मिश्रा ने जन सुराज पार्टी की विशेषताओं पर भी रोशनी डालते हुए कहा कि जन सुराज ऐसा मंच है जहाँ लोग एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और एक-दूसरे को आगे बढ़ाने के लिए काम करते हैं। उन्होंने प्रशांत किशोर के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि स्टार प्रचारकों की सूची में उनका नाम पीछे होना उनके लिए मायने नहीं रखता, क्योंकि संगठन के बड़े उद्देश्य को प्राथमिकता दी गई है। बिहार की जनता को संबोधित करते हुए आनंद मिश्रा ने कहा कि असली मुद्दे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, रोजगार, और जनता की सुनवाई से जुड़े हैं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने जन सुराज की ओर से इन मुद्दों को लेकर जनता को जागरूक करने की प्रतिबद्धता जताई और कहा कि रामगढ़ में जन सुराज एक नई राजनीतिक दिशा का प्रयास कर रहा है, जिससे 2025 में बिहार की जनता को एक बेहतर अवसर मिल सके। आनंद मिश्रा ने 4 सीटों पर जन सुराज की मजबूत दावेदारी का विश्वास जताते हुए कहा कि हमारे सभी उम्मीदवार समाज से जुड़े हैं और प्रभावी तरीके से अपनी बात रखने वाले हैं। प्रशांत किशोर के नेतृत्व और जन सुराज की टीम के समर्पण के साथ उन्होंने उपचुनाव में उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

## नियोजित शिक्षकों को साथ सौतेला व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण : डॉ. आर्य



लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावा।बिहार प्रदेश के प्रारंभिक, उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री डॉ. रंजन आर्य ने आज प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि सरकार नियोजित शिक्षकों के साथ जो सौतेला व्यवहार कर रही है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। नियोजित शिक्षक सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर हमेशा काम किया है। 15 से 20 साल नौकरी करने के बाद नियोजितों से सक्षमता परीक्षा लिया गया। नियोजित शिक्षकों ने सक्षमता परीक्षा पास कर अपनी योग्यता साबित की। उसके बाद सरकार जो स्थानांतरण की नई नियमावली लाई है, वह नियोजित शिक्षकों के हित में नहीं है। शिक्षक नियोजित भी थे तो सरकार के अंग थे और उन्हें राज्य कर्मी का दर्जा भी मिलेगा तो भी सरकार के ही अंग रहेंगे। 15-20 साल नौकरी करने के बाद भी चॉइस ट्रांसफर नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सभी नियोजित शिक्षकों को परीक्षा पास करने की तिथि से राज्य कर्मी का दर्जा मिले। सरकार इसमें बेवजह देरी कर शिक्षकों को परेशान कर रही है। पदस्थापना में शिक्षकों को पसंद का विद्यालय मिलना चाहिए। 15-20 साल से नौकरी कर रहे शिक्षकों के पास अब परिवार- समाज की भी जिम्मेदारी है। ऐसे में ऐच्छिक स्थानांतरण हम शिक्षकों की मांग है।

## इनर व्हील क्लब ने धूमधाम से दिवाली मनाई



लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** इनर व्हील क्लब गया द्वारा धुमधाम से मनाई गई है।दिवाली एक खुशियों और दीपो का त्योहार है ।क्लब की महिलाओं ने इशे बड़े ही धूम से दीप जला कर तथा कई तरह के गेम खेल कर मनाया गया है। रंग बिरंगे परिधान में लजीज पकवान के साथ क्लब की महिलाओं ने बड़े धूम मचाई, दिवाली मीट और क्लब की जनरल मीटिंग दोनों साथ - साथ मनाई गई है। महिलाओं ने हौज़ी में कई तरह के गिफ्ट जीते , और लीना गुप्ता ने क्लब की महिलाओं को रील बनाने की गुर सिखाये । इस में तक़रीबन ५० महिलाओं ने हिस्सा लिया क्लब हर साल की भाँति इस साल भी दिवाली बड़े धूम से मनाया गया है।

## पीएम एकेडमी रजौली में किया गया रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन स्कूली छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगोली की प्रस्तुत

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** पीएम एकेडमी रजौली में सोमवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक अभिषेक कुमार ने किया। दीपावली के अवसर पर स्कूल में दर्जनों छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगोली बनाई। प्रतियोगिता के दौरान समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्राओं चांदनी कुमारी, मुस्कान कुमारी, अर्चना कुमारी, अनुष्का कुमारी, प्रीति कुमारी, स्वीटी कुमारी, अमीषा कुमारी, प्रियांशु कुमारी, अफीफा प्रवीण, वानिया प्रवीण, चंदन कुमार, नीरज कुमार, प्रिंस कुमार, रोशन कुमार आदि ने मनमोहक और सुंदर रंगोली बनाकर अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंत में विद्यालय के निदेशक सह प्राचार्य द्वारा प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्य ने पुरस्कार की घोषणा करते हुए समस्त



छात्र-छात्राओं एवं सहयोगी अध्यापकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।पीएम एकेडमी रजौली के प्रबंधक अभिषेक कुमार ने बताया कि स्कूल के द्वारा समय-समय पर कई तरह के सांस्कृतिक कार्यत्रम्म का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत दीपावली के अवसर पर विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिससे स्कूली छात्र-छात्राओं में रंगोली बनाने के प्रति जिज्ञासा जगे एवं ड्राइंग के क्षेत्र में छात्र-छात्राएं आगे बढ़ सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में बाजारों से लोग तरह-तरह के रंगोली खरीद कर अपने-अपने घरों में लगाते हैं। इसलिए स्कूली बच्चों को संदेश देना चाहते हैं कि बाजारों से रंगोली नहीं खरीदे एवं अपने-अपने हाथों से चावल-आटे आदि कई सामानों से घर में ही अच्छे-अच्छे डिजाइन के रंगोली बनाएं। इससे छात्र-छात्राओं में रंगोली बनाने के प्रति जिज्ञासा बढ़ेगी और बच्चे भविष्य में रंगोली बनाने के प्रति अग्रसर होंगे। मौके पर शिक्षक दीपांशु कुमार, संतोष कुमार, मो शाहनूर आलम, शीतल कुमारी, नैंसी कुमारी, करीना कुमारी, मोनल कुमारी, खुशी कुमारी, तन्नू कुमारी आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## रेल अंडर पास में भरा पानी,राहगीरों को हो रही परेशानी पांच गांवों के लोगों को एसएच 83 पर पहुंचना हुआ परेशानी का सबब

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखण्ड के गोसपुर रेलवे स्टेशन से एक सौ मीटर पहले बना रेल अंडर पास पानी भरे होने के कारण राहगीरों को परेशानी पैदा कर रहा है। रविवार को विभिन्न लाभुक एवं आसपास गांवो के करीब चार दर्जन से अधिक लोगो ने रेल अंडर पास के निकट पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए रेल प्रशासन से रास्ते से पानी निकलवाने की मांग किया है।चकवाय ग्रामीण राकेश कुमार,गोसपुर के राहुल सिंह,अनिल प्रसाद आदि ने बताया कि चकवाय,गोसपुर,वाघी,नूरदीचक तथा बलबावर के यात्री को जब वारिसलीगंज-बरबीघा एसएच 83 पर पहुंचना होता है। तब एक मात्र रास्ता रेल अंडर पास कर जाना होता है। लेकिन पिछले चार दिनों से हो रही वर्षा के कारण अंडर पास में करीब चार फिट पानी भर गया है। जिसे रेलवे द्वारा निकलवाने में कोताही बरती जा रही है।आजीज होकर उक्त गांवो के लोग अंडर पास के पास पहुंचकर प्रदर्शन किया।और मांग की लिखित सूचना स्थानीय स्टेशन के अधिकारियों के माध्यम से रेलवे के वरीय अधिकारियों के पास भिजवाया है। बताया गया कि चार दिन पहले तक पानी निकासी की व्यवस्था रेलवे द्वारा किया जा रहा था। लेकिन साइक्लोनिक वर्षो से पुनः पानी भरे अंडर पास को पैदल या वाहन पार करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## बेलागंज उपचुनाव को लेकर युवा जदयू ने कसी कमर, क्षेत्र में चला रहे हैं कंपेन

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** बिहार विधानसभा उपचुनाव में बेलागंज उपचुनाव में मनोरमा देवी के पक्ष में युवा जदयू का सघन चुनाव प्रचार जारी है। युवा जदयू के जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र में डोर टू डोर कंपेन चलाया जा रहा है। इसमें लोदीपुर पंचायत, लालगंज, नेऊरी, मठना आदि गांवों का दौर किया गया। इस कंपेन टीम में युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल भी शामिल रहे उन्होंने कहा कि हमारी सरकार निरंतर विकास की इबारत लिख रही है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के हर क्षेत्र में काम किया जा रहा है। अपने नेता के किए गए कार्यों के बूते ही हमलोग वोट मांगने आए हैं। युवा जदयू के गया जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने कहा कि नीतीश कुमार के राज में महिला सशक्तीकरण को काफी बल मिला है। समाज का कोई तबका ये नहीं कह सकता है कि विकास की किरण उन तक नहीं पहुंची है। हमलोग मनोरमा देवी के पक्ष में वोट गांव-गांव जाकर वोट मांग रहे हैं। सभी लोगों का भरपुर स्नेह मिल रहा है और मनोरमा देवी की जीत सुनिश्चित मानी जा रही है। वहां बेलागंज प्रखंड के युवा जदयू अध्यक्ष ने प्रचार के दौरान कहा कि हमारी सरकार आम से लेकर खास तक के लिए काम कर रही है। हमने अपनी आंखों के सामने बिहार का विकास होते देखा है और नीतीश कुमार के हाथ को मजबूत करने के लिए मनोरमा देवी को जीताकर सदन तक पहुंचाएंगे। युवा जदयू के जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा के नेतृत्व में प्रदेश के युवा नेता मीर्जा जौहर इमाम बेग, सुशांत पटेल, आशीष आर्यन, नाजिश बेग, जिला प्रवक्ता दिनेश यादव, युवा जदयू के पंचायत अध्यक्ष लोदीपुर अजीत चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, गौतम कार, मनु कुमार, ऋतिक कुमार सहित सैकड़ों युवा जदयू के कार्यकर्ताओं ने मनोरमा देवी के लिए वोट मांगा।

## वारिसलीगंज:भाकपा किसान सभा के सक्रिय सदस्य के निधन से शोक

लोकतंत्र की आवाज




**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अंचल एवं जिला परिषद सदस्य तथा किसान सभा के सत्रिय सदस्य बोझमा ग्रामीण रामाश्रय सिंह का आकस्मिक हो गया है। निधन बाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बोझमा गांव पहुंचकर शोक सभा आयोजित कर मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अंचल सचिव ललन कुमार एवं कार्यकारिणी सदस्य अखिलेश कुमार सिंह के संचालन में आयोजित शोकसभा में प्रखंड व जिला के पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिला के वयोवृद्ध कम्युनिस्ट नेता दशरथ प्रसाद उर्फ मास्टर साहेब ने कहा कि जिला ने एक जुझारू किसान नेता खो दिया है। जिला मंत्री जयनन्दन सिंह ने कहा कि हमारे संगठन को अपूरणीय क्षति हुई है। मौके पर प्रखंड व जिला से आए दर्जन भर कार्यकर्ताओं ने उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## वारिसलीगंज में जदयू कार्यकारिणी की बैठक में संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखंड एवं नगर वारिसलीगंज के नवगठित कार्यकारिणी कि संयुक्त बैठक गणेश धर्मशाला के प्रांगण में की गई।बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रणविजय प्रसाद ने किया एवं मंच संचालन वारिसलीगंज प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार राय ने किया। बाद में प्रखंड जनता दल यूनाइटेड का कार्यालय नवीन सिंह के आवासीय परिसर में बैजनाथ सिंह पथ थाना मोड वारिसलीगंज एवं नगर कार्यालय स्टेशन रोड वारिसलीगंज में श्रीमती कुसुम कुमारी मंजू वाला के आवासीय परिसर में नगर कार्यालय का उद्घाटन जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने किया।जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने नवगठित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्यों को अंग वस्त्र माला एवं मनोनयन पत्र देकर सम्मानित किया।प्रखंड पार्टी एवं नगर पार्टी के पदाधिकारी तथा कार्यकारिणी सदस्यों को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि पूरे बिहार में चारों तरफ ध्वस्त विधि व्यवस्था, अफरा तफरी का माहौल, जलता बिहार अपहरण उद्योग के रूप में बिहार जाना जाता था। वैसे समय में नवंबर 2005 में पार्टी के सर्वमान्य नेता बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जब काम करने का मौका मिला। बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शांति सद्भाव के साथ हीं कानून का राज स्थापित करते हुए न्याय के साथ विकास,सभी वर्ग धर्म के लोगों का विकास,सभी क्षेत्रों का विकास करने का काम किया है।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आधुनिक बिहार के विश्वकर्मा के रूप में बिहार का चौमुखी विकास करने का काम किया है। मुख्यमंत्री कभी वोट कि चिंता नहीं किया है सभी लोगों के लिए समान रूप से लगातार 19 वर्षों से विकसित बिहार, आगे बढ़ता बिहार के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। आज बिहार में अमन चैन शांति सद्भाव कायम हुआ है पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, महादलित, अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग के लोगों के बाल बच्चे आगे बढ़ रहे हैं।मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने सरकार के 19 साल के कार्यकाल में किये गये कार्यों को गिनाया।बैठक में विधानसभा प्रभारी प्रिया रंजन पटेल, कुसुम कुमारी मंजू वाला, पूर्व जिला अध्यक्ष ललन कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष जयशंकर चंद्रवंशी, शशि कुमार शेष,सतीश कुशवाहा,अवधेश कुशवाहा,सिरदला प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, अनिल यादव जिला उपाध्यक्ष,जिला महासचिव नवीन सिंह,जिला महासचिव संजय सिंह,जिला महासचिव चंद्रमौली शर्मा,जिला महासचिव महेश भाई पटेल,मृत्युंजय कुमार, काशीचक प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार, विजय कुशवाहा, राजेंद्र प्रसाद, डॉ. नवल चंद्रवंशी, भगवान सिंह चंद्रवंशी, चंदन चंद्रवंशी, घनश्याम सिंह, तिरू सिंह, राघवेंद्र प्रसाद शर्मा, सालो सिंह, अनिल सिंह, रामप्रवेश बाबु, मुकेश कुशवाहा, अरुण कुमार उपाध्यक्ष, विजय कुमार राय,कमलेश कुशवाहा,अमोद कुमार, सुरेश चौधरी, इंद्रदेव कुशवाहा, राम स्वार्थ बाबू, बिंदु प्रसाद, रिंकू कुमारी, अवधेश पटेल, जयप्रकाश कंचन साव, विकास कुमार, अरुणजय कुमार के अलावे सैकड़ो पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथी भाग लिए।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मधेपुरा और कटिहार के बीच चलेगी एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। आगामी दीपावली एवं छठ पर्व में रेल यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को लेकर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। जिसके तहत कटिहार से दौरम मधेपुरा के बीच भी एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन को चलाया जा रहा है। हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि ट्रेन संख्या - 07541 और ट्रेन संख्या - 07542 कटिहार से दौरम मधेपुरा और दौरम मधेपुरा से कटिहार के बीच एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। को पूर्णिया, बनमनखी, जानकीनगर, मुरलीगंज के रास्ते कटिहार और दौरम मधेपुरा के बीच चलेगी। जिसके अंतर्गत ट्रेन संख्या - 07541 और ट्रेन संख्या 07542 कटिहार से दौरम मधेपुरा और दौरम मधेपुरा से कटिहार स्पेशल ट्रेन चलाया जाएगा । उन्होंने आगे बताया कि उक्त स्पेशल ट्रेन आगामी 28 अक्टूबर से 30 नवंबर तक प्रतिदिन कटिहार और दौरम मधेपुरा के बीच चलाई जाएगी। ट्रेन संख्या - 07541 कटिहार से दौरम मधेपुरा स्पेशल कटिहार से रोज शाम के 7 बजे खुलकर 10 बजे रात दौरम मधेपुरा पहुंचेगी। जबकि वापसी में ट्रेन संख्या 07542 दौरम मधेपुरा से कटिहार स्पेशल ट्रेन दौरम मधेपुरा से रोज रात के 10.45 बजे खुलकर देर रात्रि 2.30 बजे कटिहार पहुंचेगी।

### गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

लोकतंत्र की आवाज

नवहट्टा सहरसा संवाददाता। नवहट्टा थानाध्यक्ष द्वारा रविवार को की गई कार्रवाई में स्थानीय व्यवहार न्यायालय द्वारा निर्गत गैर जमानती वारंट के एक अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई थी। जिन्हें जेल भेज दिया गया। नवहट्टा थाना अध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव, वार्ड नंबर - 10 निवासी स्व बालेश्वर शर्मा के पुत्र बिंदेश्वरी शर्मा की गिरफ्तारी हुई थी। उनके विरुद्ध स्थानीय न्यायालय से गैर जमानती वारंट निर्गत था। जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### महिला अपराध को लेकर एक अभियुक्त की हुई गिरफ्तारी

लोकतंत्र की आवाज

महिषी सहरसा संवाददाता। जिले के महिषी थाना क्षेत्र अंतर्गत जलई थाना में दर्ज महिला उत्पीड़न को लेकर मामले के प्राथमिकी के एक अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई थी। जिन्हें अग्रतर कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया गया था। जलई थाना अध्यक्ष ने बताया कि बीते साल 2023 के 1 नवंबर को महिला उत्पीड़न को लेकर महिषी थाना कांड संख्या 285/23 दर्ज की गई थी। जिसमें प्राथमिकी के एक अभियुक्त थाना क्षेत्र के अमाही मोहनपुर गांव निवासी सूर्य नारायण सिंह के पुत्र बद्री सिंह उर्फ बद्री नारायण सिंह की गिरफ्तारी हुई थी। उन्हें जेल भेज दिया गया था।

# चिल्ड्रन स्कूल्स वेलफेयर सोसाइटी कोसी रेंज द्वारा प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



सहरसा संवाददाता। चिल्ड्रन स्कूल्स वेल्फेयर सोसाइटी कोसी रेंज द्वारा रविवार को मनोहर उच्च विद्यालय में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में दो पालियों में संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर शहर में प्लस टू मनोहर उच्च विद्यालय एवं बरसम में उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरसम मे केंद्र बनाया गया। दोनों केंद्र पर सोसाइटी के 30 सदस्य विद्यालयों के कुल तीन हजार विद्यार्थियों ने दो पालियों में परीक्षा में भाग लिया।

परीक्षा में कक्षा एक से 10 वीं तक के बच्चों ने अलग-अलग 10 ग्रुप में भाग लिया। प्रत्येक के लिए अलग-अलग प्रश्न पत्र तैयार किए गए थे। बच्चों में परीक्षा को लेकर काफी उत्सुकता रहा। सहरसा केंद्र पर केंद्राधीक्षक के रूप में प्रवीण कुमार प्रिंस, उप केंद्राधीक्षक संजय कुमार थे। जबकि बरसम केंद्र पर प्रभात कुमार, केंद्राधीक्षक के रूप में कार्यरत थे। परीक्षा में प्रशासन की ओर से पुलिस बल मौजूद रहे। साथ ही परीक्षा को सफल बनाने में एनसीसी कैडेट, स्काउट गाइड के बच्चों एवं अभिभावकों का पूर्ण सहयोग रहा। अध्यक्ष अवनीश कुमार वर्मा ने बताया कि परीक्षा का मूल्य उद्देश्य बच्चों के बीच प्रतियोगिता की भावना जागृत करना एवं सामूहिक रूप से सामूहिक स्थल पर अंजान छात्र- छात्राओं के बीच प्रतियोगिता आयोजित कर उनके अंदर की हीन भावना को तोड़ना है। सचिव सह परीक्षा संयोजक अमित कुमार ने बताया कि परीक्षा के माध्यम से प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान करना एवं उन्हें पुरस्कृत कर उनके मनोबल को उंचा करना ही सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य है।

मुख्य संरक्षक रमन कुमार वर्मा ने बच्चों को शुभकामनाएं देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्लस टू मनोहर उच्च विद्यालय के केंद्राधीक्षक प्रवीण कुमार प्रिंस ने बताया कि परीक्षा में सफल, छात्राओं को समारोह आयोजित कर पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं दूसरे केंद्राधीक्षक प्रभात रंजन ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए पुलिस बल, स्काउट गाइड, एनसीसी कैडेट्स, अभिभावक, शिक्षक शिक्षिकागण, एवं ग्रामीणों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

परीक्षा के सफल संचालन में मुख्य संरक्षक रमण कुमार वर्मा, अध्यक्ष अवनीश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष राजकिशोर वर्मा, सचिव अमित कुमार, उपसचिव प्रवीण कुमार प्रिंस, प्रवक्ता ललिकांत कुमार, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार आनंद, अंकेक्षक प्रमोद कुमार यादव, कार्यकारिणी सदस्य बिट्टू कुमार, जीवन कुमार, संजय कुमार, सदस्य हिमांशु प्रणव, विकाश कुमार, अभिमन्यु कुमार, मो जफीरुद्दीन, मो फारूक आजम, सुशील कुमार सुमन, नवशांत आनंद, सुशील कुमार, सुभाष चंद्र सिंह, नवल किशोर सिंह, राजकुमार सिंह, मन्नू कुमार, वकील कुमार, रतन कुमार, दीपक कुमार, दुर्गेश कुमार, विकास कुमार सहित अन्य ने सराहनीय सहयोग किया।

## शिक्षकों व कर्मियों के साथ महाविद्यालय में बदसलूकी एकदम बंद होः बिस्मिल



लोक तंत्र की आवाज

कसबा। छात्र राजद की पूर्णिया जिला इकाई ने सोमवार को एम.एल. आर्य महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य मो. ऐजाज आलम का घेराव किया। इस घेराव का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय में अनुशासनहीनता और शिक्षकों के प्रति बढ़ती बदसलूकी के खिलाफ आवाज उठाना था।

**घटना का बैकग्राउंड :** घेराव के दौरान छात्र राजद के जिला प्रभारी मोहम्मद बिस्मिल ने बताया कि हाल ही में महाविद्यालय में एक छात्र द्वारा एक प्रोफेसर के साथ बदसलूकी की गई थी। इस घटना के बावजूद महाविद्यालय प्रशासन ने दोषी छात्र पर कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे छात्रों के मन में यह धारणा बनी है कि वे बिना किसी डर के शिक्षकों के साथ अनुशासनहीनता कर सकते हैं।

बिस्मिल ने बताया कि महाविद्यालय में इन दिनों परीक्षा प्रपत्रों की वेरिफिकेशन, सीआईए परीक्षा, और थर्ड सेमेस्टर में नामांकन जैसे महत्वपूर्ण कार्य चल रहे हैं। इस बीच, कुछ छात्र बिना अनुमति के महाविद्यालय में प्रवेश कर रहे हैं और माहौल को खराब कर रहे हैं। आरोप लगाया कि ये छात्र कर्मियों के साथ गाली-गलौज कर रहे हैं, जिससे महाविद्यालय का माहौल विकृत हो गया है।

**छात्र राजद की मांग :** छात्र राजद ने यह मांग की कि महाविद्यालय प्रशासन बाहरी छात्रों को प्रवेश न देने का सख्त नियम बनाए। इसके साथ ही, उन्होंने दोषी छात्रों की पहचान कर उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की भी अपील की।

**उपस्थित छात्र नेताः** इस अवसर पर छात्र राजद के प्रखंड अध्यक्ष कसबा, साहिल यादव, प्रखंड अध्यक्ष जलालगढ़, साहिल अंसारी, जिला महासचिव गोपाल यादव, और राहुल यादव सहित अन्य छात्र नेता भी मौजूद थे। उन्होंने बिस्मिल के समर्थन में आवाज उठाते हुए कहा कि महाविद्यालय में अनुशासन का पालन होना आवश्यक है और सभी छात्रों को मिलकर इस मुद्दे को उठाना चाहिए। महाविद्यालय में शिक्षकों के साथ बदसलूकी की घटनाएं चिंताजनक हैं। छात्र राजद की यह कार्रवाई केवल एक मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करने के लिए नहीं, बल्कि शिक्षकों और कर्मचारियों के प्रति सम्मान बढ़ाने के लिए भी है। छात्रों को चाहिए कि वे अपने शिक्षकों का आदर करें , ताकि एक सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण हो सके।

## प्रांगण रंगमंच ने दिवाली पर विशेष रसोई का भव्य आयोजन

लोक तंत्र की आवाज




डा. रूद्र किंकर वर्मा

मधेपुरा। दिवाली के पावन पर्व पर प्रांगण रंगमंच ने सोमवार को एक विशेष रसोई का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराना था। इस आयोजन में युवा समाजसेवी दीपक कुमार ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में योगदान देते हुए सभी का दिल जीत लिया।

दीपक कुमार ने अपने जन्मदिन को विशेष बनाने का फैसला करते हुए प्रांगण रसोई में आम लोगों के साथ मिलकर उत्सव मनाने का निर्णय लिया। बड़ी दुर्गा स्थान पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिन्होंने न केवल स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया, बल्कि दीपक के इस नेक इरादे की सराहना भी की। उन्होंने कहा, ₹यह मेरे लिए बहुत खास दिन है, और मैंने चाहा कि इस खुशी को उन लोगों के साथ बांटूं जो इसकी सबसे अधिक जरूरत महसूस करते हैं।

**भोजन वितरण और जरूरतमंदों की सहायता :** प्रांगण रंगमंच ने मंदिर प्रांगण में भव्य भोजनोत्सव का आयोजन करने के बाद, एक सौ से अधिक फूड पैकेट जरूरतमंदों में वितरित किए। दीपक ने बताया कि इस पहल के माध्यम से उन्होंने अति जरूरतमंद लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं, जिससे वे भी इस त्योहार की खुशियों में शामिल हो सकें।

**संस्थापकों की सोच और सामुदायिक जुड़ाव :** इस आयोजन में प्रांगण रंगमंच के मैनेजिंग ट्रस्टी दिलखुश कुमार ने बताया कि संस्थान विशेष आयोजनों के तहत, केवल शनिवार को ही नहीं, बल्कि अन्य अवसरों पर भी लोगों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। ₹हमारा लक्ष्य समाज के हर वर्ग को एकजुट करना और उनके साथ त्योहार मनाना है,₹ उन्होंने कहा। संस्थापक अध्यक्ष डॉ. संजय परमार ने दीपक कुमार के जन्मदिन को इस खास मौके पर यादगार बनाने के लिए सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ₹इस प्रकार के आयोजन समाज में भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

**गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति :** कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग भी उपस्थित थे, जिनमें अमित आनंद, विक्की विनायक, जटाशंकर कुमार, लक्षी राज, अनीश, सोनू यादव, अक्षय कुमार और बाबू साहब शामिल थे। सभी ने मिलकर इस विशेष आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।प्रांगण रंगमंच का यह विशेष रसोई आयोजन केवल एक सामाजिक कार्य नहीं था, बल्कि यह एक प्रेरणा भी थी कि कैसे त्योहारों को केवल व्यक्तिगत खुशी के लिए नहीं, बल्कि समाज के साथ बांटने का माध्यम बनाना चाहिए।

## कोसी रंग महोत्सव 2024 का प्रथम चरण दिल्ली में आयोजित

लोकतंत्र की आवाज




सहरसा संवाददाता। रंगकोसी के तत्वावधान में संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से कोसी रंग महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसके प्रथम चरण की शुरुआत दिल्ली के नरेज्यां स्टूडियो में की गई । उत्सव का उद्घाटन सुप्रीम कोर्ट के प्रसिद्ध अधिवक्ता एवं वरिष्ठ भाजपाई नेता संदीप दुबे एवं प्रसिद्ध समाजसेवी अभिषेक मिश्रा ने किया। प्रसिद्ध अभिषेक मिश्रा ने रंग कोसी के इस आयोजन कोसी रंग महोत्सव के सफलता की कामना करते हुए, रंगमंच एवं खेल को मनुष्य के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अंग बताया।

संदीप कुमार दुबे ने रंगकोसी एवं संस्कृति मंत्रालय को धन्यवाद देते हुए यह कहा कि कोसी रंग महोत्सव जैसा आयोजन लगातार होते रहना चाहिए जिससे लोगों का रंगकर्म के प्रति रुझान बढ़ेगा। इस अवसर पर दो दिनों में तीन नाटकों का मंचन किया गया। 10 अक्टूबर को बिलीवर आर्ट्स ग्रुप द्वारा लकी मल्होत्राके निर्देशन में'द ग्रेट राजा मास्टर ड्रामा कंपनी' का आयोजन किया गया। दूसरे दिन संध्या से रंगकोसी द्वारा प्रस्तुत एवं राजीव रंजन झा द्वारा निर्देशित नाटक 'र शोमन' का मंचन किया गया। यह नाटक रयोनोसुके अकुतागावा की दो कहानियों पर आधारित था, जिसका नाट्य रूपांतरण रमेशचंद्र शाह ने किया था। शाम 7:30 बजे फणीश्वरनाथ रेणु की कहानी पर आधारित एवं पुंज प्रकाश द्वारा लिखित नाटक 'तीसरी कसम' का मंचन किया गया। जिसकी प्रस्तुति सुसत्या फाउंडेशन की थी इस नाटक को निर्देशित किया था राजीव रंजन झा ने।

आयोजन में अतिथि के रूप में प्रसिद्द अभिनेता, निर्देशक एवं लेखक पुंज प्रकाश सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया। प्रथम चरण के समापन के अवसर पर बोलते हुए रंगकोसी के निदेशक राजीव रंजन झा ने बताया कि दूसरा चरण बिहार के सहरसा में आयोजित किया जाएगा। दो दिन का यह आयोजन 7-8 नवंबर को किया जाएगा जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित खेल-कूद सहित अन्य आयोजन किए जाएंगे। ज्ञात हो कि रंगकोसी को संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रंगमंडल के रूप में मान्यता दी गई है।

## ज्योर्तिलिंगम महाआरती में पहुंचे देवाधिदेव धारावाहिक के गायक मनोज मिश्रा

लोक तंत्र की आवाज



● प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शिव शक्ति शिवालय तेगछिया द्वारा आयोजित द्वादश ज्योर्तिलिंगम अध्यात्मिक दर्शन मेला के छठे दिन श्रद्धालु की उमड़ी भक्तों

ताराबाड़ी (अररिया)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शिव शक्ति शिवालय तेगछिया द्वारा आयोजित द्वादश ज्योर्तिलिंगम अध्यात्मिक दर्शन मेला के छठे दिन श्रद्धालु भक्तों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रसिद्ध गायक मनोज मिश्रा, जो कि मुंबई से आए थे, ने महा आरती में भाग लेते हुए ₹नमः शिवाय, ओम नमः शिवाय₹ के मधुर भजनों से भक्तों को आनंदित किया।

**धार्मिक प्रस्तुतियों का महत्वः** मनोज मिश्रा ने बताया कि उन्होंने कई प्रसिद्ध धारावाहिकों जैसे ₹देवाधिदेव महादेव, श्रीमद् रामायण, जय श्री कृष्णा, और बीआर चोपड़ा द्वारा निर्देशित महाभारत में भजन और संगीत प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा, धार्मिक भजन और प्रस्तुति से शांति और संस्कृति का अनुभव होता है। इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान क्षेत्र के माहौल को गूंजयमान कर देते हैं।

**महाआरती का आयोजनः** तेगछिया गांव में आयोजित द्वादश ज्योर्तिलिंगम दर्शन मेला में महा आरती का आयोजन सुबह आठ बजे और संध्या छह बजे किया जा रहा है। इस दौरान श्रद्धालुओं और ब्रह्माकुमारी भाई-बहनों द्वारा शंख, डमरू, और करताल की ध्वनि के साथ बारहों ज्योर्तिलिंगों का पूजन किया जाता है। शिव भक्त शिवलिंगों पर बेलपत्र, फूल, गंगाजल और चंदन चढ़ाकर महा आरती में लीन होते हैं, जिससे अद्भुत दृश्य उत्पन्न होता है।

**उद्घाटन समारोहः** सोमवार को ब्रह्माकुमारी भाई-बहनों और अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काटकर द्वादश ज्योर्तिलिंगम अध्यात्मिक दर्शन मेले का उद्घाटन किया। मेले में बैद्यनाथ, भीम शंकर, केदारनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, नागेश्वर, ओंकारेश्वर, रामेश्वर, सोमनाथ, त्रियम्बकेश्वर, काशी विश्वनाथ और घृष्णेश्वर सहित सभी ज्योर्तिलिंगों के मंदिरों का आकर्षक प्रारूप सजाया गया है।

**भक्तों की भीड़ः** इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। आयोजक दादा साहब फालके अवार्ड से सम्मानित फिल्म प्रोड्यूसर बीके चांद मिश्रा ने बताया कि यह कार्यक्रम मंगलवार को महा आरती के साथ संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य लोगों में धार्मिक जागरूकता और संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस तरह का भव्य आयोजन न केवल श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक अनुभव है, बल्कि क्षेत्र में एकता और सांस्कृतिक धरोहर को भी सशक्त बनाता है।

# जिला समन्वय समिति की बैठक में काली पूजा एवं छठ पर्व की तैयारी पर हुई चर्चा

लोक तंत्र की आवाज



अररिया। जिला पदाधिकारी, अररिया, अनिल कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित परमान सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अररिया, अमित रंजन सहित सभी संबंधित पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, और सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिलाधिकारी ने काली पूजा के अवसर पर जुलूस से संबंधित मार्गों का सत्यापन करने, साथ ही प्रखंड स्तर पर शांति समिति की बैठक अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा इसका अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया।

छठ पर्व के अवसर पर रूफटॉप और ड्रोन से निगरानी रखने, छठ घाटों का निरीक्षण, बेरिकेडिंग, सीसीटीवी का अधिष्ठापन, चेंजिंग रूम, और वॉच टावर के निर्माण सहित आवश्यक संख्या में गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने दीपावली एवं छठ पर्व को देखते हुए वर्तमान विधि व्यवस्था के मद्देनजर उपद्रवी तत्वों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 126 के तहत कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को दिया।

जिला समन्वय समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा खेल मैदान निर्माण हेतु सभी सीओ और डीपीओ शिक्षा को एनओसी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में डब्लूपीयू, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जल जीवन हरियाली, सार्वजनिक तालाब, कुआं एवं चापाकल के जीर्णोद्धार के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। सहकारिता विभाग द्वारा राजस्व विभाग से जोकीहाट और नरपतगंज में गोदाम हेतु भूमि उपलब्ध कराने और कृषि विभाग को धान के अनुमानित उत्पादन से संबंधित पंचायतवार/प्रखंडवार प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त अररिया, अपर समाहर्ता अररिया, सिविल सर्जन अररिया, अनुमंडल पदाधिकारी अररिया, जिला परिवहन पदाधिकारी अररिया, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अररिया, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग अररिया सहित संबंधित सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बिहार प्रदेश सचिव ने सीएम का पुतला दहन किया

लोकतंत्र की आवाज

सुपौल संवाद सूत्र। युवा कांग्रेस के बिहार प्रदेश सचिव लक्ष्मण कुमार झा ने सुपौल महावीर चौक पर यूपी सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला दहन करते हुए लक्ष्मण कुमार झा ने कहा कि क्या महिला अपना इज्जत आबरू नहीं बचा सकती है जो युवा कांग्रेस के बिहार प्रभारी रोशनी जाए सवाल जी को वाराणसी में राजेश सिंह के द्वारा जब बलात्कार करने की धमकी दिया गया तो रोशनी जायसवाल जी ने अपना इज्जत आबरू बचाने के लिए एक थप्पड़ क्या चलाई ।

यूपी सरकार उनके ऊपर उनके परिवार के सदस्यों के ऊपर झूठी मुकदमा कर कई दफा लगा दिए और उनके पति और भाई को जेल के अंदर में डाल दिए क्या यही इंसाफ है क्या योगी आदित्यनाथ के राज में बलात्कारियों को बना दिया जा रहा है।

यूपी सरकार बलात्कारी की सरकार बन चुकी है और इसका कम यजा



आगामी चुनाव में भुगतना पड़ेगा अन्यथा जल्द से जल्द रोशनी जायसवाल के पति सहित परिवार के सदस्य को बड़ी करें एवं रोशनी जायसवाल के ऊपर जो झूठी मुकदमा कर कई दफा लगाए हैं अपना मुकदमा वापस ले अन्यथा हम लोग यूपी सरकार के खिलाफ सुपौल की सड़कों से लेकर दिल्ली की सड़कों तक आंदोलन करने को कमर कर चुके हैं जब तक युवा कांग्रेस के बिहार प्रभारी रोशनी जायसवाल जी को न्याय नहीं तब तक संघर्ष पर विराम नहीं ! और जब तक राजेश सिंह पर उचित कार्रवाई नहीं तब तक संघर्ष पर विराम नहीं भवदीय युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव लक्ष्मण कुमार झा।

# फुटबॉल प्रतियोगिता का संजीव मिश्रा ने किया भव्य उद्घाटन

**पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7**

लोक तंत्र की आवाज



पूर्णिया। पनोरमा ग्रुप के द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 के छठे चरण की फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन पनोरमा ग्रुप के चैयरमेन एवं अध्यक्ष संजीव मिश्रा के हाथों किया गया। यह कार्यक्रम जिला स्कूल खेल मैदान परिसर में आयोजित हुआ।

**उद्घाटन समारोह :** उद्घाटन समारोह में पूर्णिया जिला फुटबॉल संघ के सचिव अजीत सिंह ने संजीव मिश्रा का स्वागत किया। मैदान को आकर्षक तरीके से सजाया गया था, और श्री मिश्रा ने गुब्बारा उड़ाकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ₹खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है, और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है।

**उपस्थित गणमान्य व्यक्ति :** उद्घाटन समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें शामिल थेः संजीव मिश्रा (चैयरमेन, पनोरमा स्पोर्ट्स), हरिओम झा, श्रीमती स्वाति वैश्यंत्री, मिथिलेश राय, मो मंजर मोहसिन, मो नैय्यर अली, एम एच रहमान, मो अब्बू आलम, सिस्टर बंदिता, बिमल मुकेश, विकास कुमार, अमृत साजन, हरीश कुमार, मो मासूम, शिवम्, प्रियरंजन, खुशी कुमारी, निभा कुमार, भावना कुमारी।

**समापन :** पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 का यह उद्घाटन समारोह न केवल खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है, बल्कि स्थानीय युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने का एक बड़ा अवसर भी प्रदान करता है। पनोरमा ग्रुप का यह प्रयास निश्चित रूप से पूर्णिया, कोशी, सीमांचल और मिथिलांचल में फुटबॉल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### प्रतियोगिता के मुख्य बिंदु

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 में अंडर-17 बालक और बालिका वर्ग की टीमों के बीच मुकाबले खेले गए।

बालिका वर्ग: उर्स लाइन कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल और सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम के बीच मैच बिना गोल के समाप्त हुआ।

निर्णायक: राम सेवक रमण, रजनीश कुमार, अभिषेक कुमार

फोर्थ ऑफिसियल: हर्षित आनंद

बालक वर्ग:

सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम ने उर्स लाइन कॉन्वेंट को 4-0 से हराया।

सेंट मोसेस स्कूल ने ब्राइट कैरियर स्कूल को 3-0 से मात दी।

माउंट जोन स्कूल और उर्स लाइन कॉन्वेंट का मुकाबला भी गोल रहित समाप्त हुआ।

अंतिम मैच में ब्राइट कैरियर ने माउंट जोन स्कूल को 3-0 से हराया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बरहरवा थाना अंतर्गत महतापुर चेक नाका पर 466500कैश बरामद किया



लोकतंत्र की आवाज
बरहरवा। विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक साहिबगंज अमित कुमार सिंह के निर्देशानुसार इंटरडिस्ट्रिक्ट/इंटरस्टेट चेक पोस्ट पर सघन जांच जारी है। इसी क्रम में सोमवार को बरहरवा थाना अंतर्गत महतापुर चेकनाका पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक पिकअप वैन से 466500रूपए बरामद किया गया। वाहन चालक एवं वाहन में मौजूद व्यक्ति के द्वारा उक्त कैश के संबंध में पूछताछ में कोई भी बात एवं कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया ।वही अग्रतर कार्रवाई की जा रही है बताया जा रहा है की विधानसभा आम चुनाव को स्वास्थ्य एवं शांति एवं भाय मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर साहिबगंज जिला अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्र में अंतर राज्या क अंतर जिला चेक पोस्ट एस एसटी एफ एसटी चेकिंग पाइट पर 24 घंटे चेकिंग की जा रही है पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि चुनाव से पूर्व संवेदनशील परिस्थितियों को देखते हुए इस प्रकार की जांच अनिवार्य है वाहन से बरामद की राशि का स्रोत और उपयोग के संबंध में पूछताछ चल रही है और संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है

### मांडू विधानसभा सीट से बसपा प्रत्याशी सुषिल महतो ने किया नामांकन, जुटे समर्थक



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड) मांडू विधानसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी सुषिल कुमार महतो ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया । श्री महतो भाजपा छोड़कर बसपा में शामिल होने के बाद का यह पहला चुनावी कदम है, जिसे लेकर उनके समर्थकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। नामांकन के दौरान महतो के साथ बड़ी संख्या में समर्थकों का जुटान हुआ। महतो का कहना है कि वे बसपा के सिद्धांतों के तहत क्षेत्र के विकास और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए चुनाव में उतर रहे हैं। उनका मानना है कि बसपा के माध्यम से वे क्षेत्र में बदलाव और विकास की नई राहें खोलेंगे ।मांडू विधानसभा में सोमवार को नामांकन के इस कदम के साथ चुनावी गतिविधियों में और तेजी आने की उम्मीद है।

### कुंदा पुलिस की बड़ी कार्रवाई,सवा केजी अफीम पट्टा के साथ एक युवक गिरफ्तार,भेजा गया जेल



लोकतंत्र की आवाज
अजित यादव संवाददाता कुन्दा
कुन्दा( चतरा)। कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत मरगड़ा पंचायत के एकता गाँव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चनारिक गंझु के 22 वर्षीय पुत्र जोगेंद्र कुमार गंझू को 1.225 केजी अफीम पट्टा के साथ गिरफ्तार किया है ।वही अभियुक्त के खिलाफ कुंदा थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत कांड संख्या 52/2024 मे मामला दर्ज कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वही पुलिस की कार्रवाई से अफीम तस्करों में एक बार पुनः हड़कंप मच गया है ऐसा माना जा रहा है की अफीम तस्करों के खिलाफ यह करवाई कुन्दा पुलिस की बड़ी सफलता है इससे क्षेत्र में अफीम तस्करी पर लगाम लगाने में पुलिस को मदद मिल सकता है ।छापामारी अभियान में कुन्दा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार समेत थाना बल के जवान शामिल थे।

### वर्षो से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग को लेकर उग्र हुए ग्रामीण



लोकतंत्र की आवाज
अजित यादव संवाददाता कुन्दा
कुन्दा( चतरा)। कुन्दा प्रखण्ड क्षेत्र के मोहनपुर गांव के ग्रामीणों ने वर्षों से खराब बिजली ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग करते—करते उग्र हो गए हैं ।वही ग्रामीण एक बार पुनः विभाग से तत्काल कार्रवाई करते हुए खराब ट्रांसफार्मर को बदलने का मांग किया है ग्रामीणों का कहना है कि खराब ट्रांसफार्मर के कारण गांव में बिजली की समस्या बनी हुई है और लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं ।ग्रामीण अरविन्द यादव, विजय यादव ,संतोष कुमार यादव, अरूण कुमार यादव ,विदेश कुमार यादव ,राकेश कुमार यादव ,गुड्डू कुमार यादव, मिथलेश कुमार यादव, रोहित कुमार यादव,जितेंद्र कुमार, निर्मल महतो, रंजू देवी ,सरिता देवी समेत कई अन्य ने ग्रामीणों ने कहा है कि वर्षों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए विभाग को कई बार आवेदन दिया गया इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों को भी इसकी सूचना दी गई लेकिन किसी ने भी इन ग्रामीणों की समस्या को समाधान करने का पहल नहीं किया है ।जिससे आज भी उक्त गांव के लगभग 20 घरों की आबादी ढिबरी युग में जीने को विवश है ।वही ग्रामीणों ने विभाग से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने का एक बार पुनः मांग किया है। मांग पूरा न होने पर आगामी विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने के साथ उग्र आंदोलन करने की ग्रामीणों ने चेतावनी दी है।

# भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास का तूफानी दौरा, कई गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान

## उज्जवल दास की मां अपने पुत्र के लिए जनता से मांग रही आशीर्वाद



लोकतंत्र की आवाज

**श्री राम पाण्डेय, ब्यूरो चीफ**
**चतरा।** मयूरहंड प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सिमरिया विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास ने सोमवार को डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। यह जनसंपर्क अभियान मयूरहंड क्षेत्र का डोढ़ी, मधनिया, तीलरा, पचघारा, बेला सहित अन्य गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। वहीं क्षेत्रों में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थकों ने अपने जोशों के साथ भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास को फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया और उनके साथ मिलकर कई गांव में जनसंपर्क अभियान भी चलाया। इस दौरान समर्थकों व कार्यकर्ताओं के द्वारा लगाए गए उज्जवल दास जिंदाबाद के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिस गांव में जा रहा हूं, वहां की जनता मालिकों का अपार समर्थन मिल रहा है। सभी ने एक स्वर में कहा कि इस बार भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास को अपना बहुमूल्य वोट देकर विजय बनाएंगे।

जबकि जनसंपर्क के दौरान उपस्थित समर्थकों के द्वारा बताया गया कि इस बार जनता के सामने बेहतर विकल्प मौजूद है, भारतीय जनता पार्टी ने सिमरिया विधानसभा से युवा नेता उज्जवल दास को उम्मीदवार बनाया है, जिनके पिता के कार्यकाल को सिमरिया ही नहीं बल्कि पूरा झारखंड बखूबी जानता है। जिस बच्चे के माथे से पिता का साया उठ जाता है, वह अपने उम्र की अपेक्षा कई गुना समाज को समझने का अनुभव रखने लगता है और उसके इसी अनुभव का लाभ यदि जनता उन्हें विजय बनाती है तो आने वाले समय में जनता को पूरा लाभ मिलेगा। अंत में उन्होंने कहा कि उज्जवल के प्रकाश से जगमगाने को सिमरिया विधानसभा आतुर है।

पत्थलगड़ा समेत सिमरिया व चतरा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहा, गांव के गलियारे व होटलों में सुबह, दोपहर, शाम चुनावी मुद्दा को लेकर बेहद रूप से चर्चा की जा रही है। लोग व्यवहार के साथ–साथ उनके अच्छाइयों को भी टटोलने व निचोड़ने में लगे हुए हैं। जबकि कुछ लोगों के द्वारा कहा गया कि उनके कुशल व्यवहार सभी को काफी भा रहा है, यानी इनकी मृदुता के पूरे विधानसभा में एक भी विरोधी नहीं मिल सकते हैं। इन्होंने पिता के तेज को एवं उनके सम्मान को बचाए रखना यह साधारण कार्य नहीं हो सकता है, और तो और बुजुर्गों एवं माता के साथ–साथ सभी युवाओं के आगे शीश नवाना हाथ मिलाना और प्यार की भाषा में हमेशा से ही बातें करना इनकी एक अलग ही पहचान है।

> • चाल में चक्कर,मुंह में शक्कर यह नेता की परिभाषा है और इनकी मृदुता के पूरे विधानसभा में एक भी विरोधी है नहीं: समर्थक

# बिष्णुगढ़ झामुमो प्रखंड कमिटी की बैठक आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा विष्णुगढ़ प्रखंड समिति का बैठक विष्णुगढ़ स्थित करोंज मोड़ में प्रखंड सचिव संजय प्रजापति के आवास में संपन्न हुई।जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी एवं संचालन विष्णुगढ़ प्रखंड सचिव संजय प्रजापति के द्वारा किया गया । इस बैठक में झामुमो के सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा हम सभी कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के साथ हैं। और पूर्ण रूप से इंडिया गठबंधन को जिताने काम करेंगे लेकिन इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल झामुमो विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी के कार्यकर्ताओं के साथ 3 दिनों के अंदर वार्ता नहीं करती है तो झामुमो विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी के लोग स्वतंत्र रूप से कार्य करने को तैयार है।

बैठक में मुख्य रूप से हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष देवीराम हेमरम,जिला मीडिया प्रभारी संजय पटेल ,मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो, कुसुंभा मुखिया दुलारचंद पटेल, पूर्व मुखिया नारायण गंझु, महादेव मुर्मू पूर्व प्रखंड कोषाध्यक्ष शंकर महतो विष्णुगढ़ मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार दास,छत्रु हांसदा, फलजीत ठाकुर प्रसादी यादव, रकीब अंसारी , कुलदीप कुमार,अब्दुल सफाज ,जागेश्वर महतो गिरधारी महतो,मोहन महतो, डालचंद राणा, चंद्रशेखर महतो, अमीर शेख, पवन पासवान, दिलीप सिंह, करमेली मियां, बाबूचंद मांझी , सिंगर मनोज झारखंडी, तूफानी अंसारी आफताब अली, बाबूलाल मुर्मू, लखन भाई पटेल, डीएम राज, रवि यादव,प्रभु हांसदा, विकाश सोनी इकराम अंसारी, राज कुमार,राजीव कुमार, दिलीप कुमार, लीलो महतो, राजेंद्र मंडल,राजू महतो,शमीम अंसारी सुबोध यादव, नरेश महतो पवन महतो,भोला महतो समेत भारी संख्या में सभी पंचायत के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

> • बैठक में झामुमो के सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा हम सभी कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के साथ हैं

# मांडू विधान सभा से कॉग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल ने भरा नामांकन पत्र



**लोकतंत्र की आवाज**
**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** मांडू विधानसभा क्षेत्र के कॉग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने निर्वाची पदाधिकारी संतोष सिंह के समक्ष अपना नामांकन दर्ज किया नामांकन के पुर्व शहर के विभिन्न मार्गो से समर्थकों की भारी भीड़ के साथ नगर भ्रमण करते हुए समाहरणालय पहुंचे जेपी पटेल ने प्रेस से बातचीत में कहा कि इस बार जनता चुनाव लड़ रही है विस्थापन पलायन एवं सिंचाई इस चुनाव में हमारा मुद्दा होगा लगातार जनता ने हम पर भरोसा जताया है उम्मीद है जनता इस बार भी हमें अपना बहुमूल्य समर्थन दे कर अपने अधिकार की लड़ाई को तेज करने का काम करेंगे।

# जेएलकेएममांडू प्रत्यासी बिहारी महतो जी का आगमन विष्णुगढ़ में



लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा मांडू विधानसभा प्रत्यासी बिहारी महतो जी का रविवार को विष्णुगढ़ प्रखंड आगमन के साथ प्रखंड कार्यकर्ताओं द्वारा भारी उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया। बिहारी महतो जी द्वारा प्रखंड एवं पंचायत प्रभारियों से परिचय प्राप्त किए।

उन्होंने अपना परिचय देते हुए कहा की विष्णुगढ़ की पावन भूमि आंदोलन की भूमि है। यही से स्व०टेकलाल महतो जैसे कई झारखंड आंदोलनकारी राजनीतिक की शुरुआत विष्णुगढ़ की धरती से किए। किंतु उनका जो सपना था वो अधूरा ही रह गया है। प्रखण्ड अध्यक्ष ने कहा कि लगातार विष्णुगढ़ से ही विधायक रहे किंतु विष्णुगढ़ सहित पूरे मांडू विधानसभा स्वास्थ्य, शिक्षा रोजगार, पलायन, प्रदूषण,सड़क कृषि कार्य जैसे कई समस्याओं से लोग जूझ रहे हैं। यहां के विधायक केवल पुल पुलिया तक में ही सीमित रह गए।

पूरा मांडू विधानसभा की जनता इस बार बदलाव की ओर अग्रसर है,सभी कार्यकर्ता जेएलकेएम सुप्रीमों टाइगर जयराम दा के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का काम करें। लगातार 4 वर्षों से संगठन में कार्य, कई फैक्ट्रियों में आंदोलन , विस्थापन समस्या का समाधान, पीड़ित लोगों को करोड़ों का मुआवजा दिलवाने से लेकर, जल, जंगल,जमीन बचाने में अहम योगदान रहा है।टाईगर दा पूरे मांडू की जनता पर विश्वाश जताई है निश्चित रूप से इस बार जेएलकेएम की जीत सुनिश्चित है । साथ मिल मोड़ स्थित मां दुर्गा मंदिर में माता टेक आशीर्वाद लेकर सभी कार्यकर्ताओं को 29 अक्टूबर को नामांकन कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आवाहन किए।

इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो , युवा नेता इंजिनियर मुकेश कुमार महतो,जिला अध्यक्ष सरयु साव,महिला मोर्चा केन्द्रीय उपाध्यक्ष लीलावती देवी,केंद्रीय संगठन मंत्री माही पटेल ,पूर्व जिप सदस्य जय प्रकाश सिंह पटेल, प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेश कुमार,नंदलाल महतो,सुजीत कुमार,सचिव गंगाधर कुमार, नरेश महतो,कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार,संगठन मंत्री विशेश्वर कुमार,संजय महतो,निर्मल महतो,महेश तुरी,मुकेश कुमार,महेश कुमार, शंकर महतो समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बरकट्ठा विधानसभा इंडिया गठबंधन की विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न



लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग(झारखंड)।** बरकट्ठा विधानसभा में महागठबंधन दल के सभी घटक दल झामुमो, कांग्रेस, राजद, भाकपा माले की विधानसभा स्तरीय बैठक बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी सह पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के आवासीय कार्यालय में हुई. अध्यक्षता कांग्रेस नेता सह बरकट्ठा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद व संचालन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदुश अंसारी ने किया.

मुख्य अतिथि झामुमो हजारीबाग जिला मुख्य संयोजक मंडल अध्यक्ष सह केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, कोडरमा जिला अध्यक्ष बीरेंद्र पांडे, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शेलेंद्र कुमार यादव, बिनोद कुशवाहा, राजाद के शत्रुघ्न राम, माले नेत्री सविता सिंह उपस्थित थे. बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से महागठबंधन के प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव को जिताने का संकल्प लिया.

झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने कहा कि झारखंड के विकास का साहस केवल हेमंत ही कर सकते हैं. कार्यकर्ताओं को झामुमो सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में मतदाताओं को जानकारी देने को कहा गया. उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि महागठबंधन एक बार फिर से सरकार बनायेगा। और विधानसभा क्षेत्र में जो विकास का गति आज रुक गया है वह तेज रफ्तार से आगे बढ़ेगा, यह मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं। इसलिए आप सब एकजूटता के साथ चुनाव लड़ें जीत सुनिश्चित है। मौके पर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के भारी संख्या में महागठबंधन के नेतागण, कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# चर्चित प्रत्याशियों में बाबूलाल मरांडी एवं निर्भय कुमार शाहाबादी ने नामांकन पत्र दाखिल किया

लोकतंत्र की आवाज



**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह झारखंड।** गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र से निर्भय कुमार शाहाबादी (भाजपा) तथा कोदईबांक पोस्ट चन्दौरी थाना तीसरीसे बाबूलाल मरांडी (भाजपा) ने अपना अपना पर्चा भरा। नाम निर्देशन प्रपत्र दाखिल करने हेतु निर्धारित तिथि आज दिनांक 28.10.2024 को (01). अरुंधति मिश्रा द्वारा तृतीय एवं चतुर्थ प्रति का नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया एवं (02) अनिशा सिन्हा द्वारा द्वितीय प्रति में नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया (3) कैसर जमाल अंसारी दो सेट में दाखिल किया गया।(4) सुदिव्य कुमार के द्वारा तृतीय सेट में दाखिल किया गया । (5) डॉक्टर वरनावास हेंब्रम के द्वारा दो सेट में दाखिल किया गया । (6) निर्भय कुमार शाहाबादी के द्वारा दो सेट में दाखिल किया गया । (7) आरती देवी के द्वारा दो सेट में दाखिल किया गया ।

(8) नवीन आनंद के द्वारा एक सेट में दाखिल किया गया । (9) सुनैना पाठक के द्वारा दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया । (10) अजीत राय के द्वारा एक सेट में नामांकन दाखिल किया गया । वहीं कुल 05 (पांच) अभ्यर्थियों के द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की खरीद की गई। जिसमें नाम निर्देशन शुल्क जमा कर नाम निर्देशन पत्र खरीदा गया।1.गोपीकृ ष्ण यादव पिता गोकुल यादव, साकिन – किसुटांड़, पो० – किसुटांड़, थाना – तिसरी, जिला गिरिडीह 815317 ने निर्दलीय अभ्यर्थी के तौर पर 1 सेट में नामनिर्देशन पत्र दाखिल किया।

2. अभिषेक कुमार पिता अशोक कुमार, 78, नवडीहा, थाना जमुआ, जिला– गिरिडीह ने निर्दलीय अभ्यर्थी के तौर पर 1 सेट में नामनिर्देशन पत्र दाखिल किया।

3. मृत्युंजय कुमार पिता प्रयाग पंडित विद्यार्थी, ग्राम– महतपुर, पो० कहुआई, थाना– गाँवा, जिला– गिरिडीह (झारखण्ड) पिन न० 815313, भारतीय जन जागरण गाँधीवादी पार्टी ने 2 सेट में नामनिर्देशन पत्र दाखिल किया।

4. अरबिन्द पासवान पिता खेमन पासवान, ग्राम– बरजो, पो०– धनवार, थाना – धनवार, जिला – गिरिडीह, पिन 825412 ने निर्दलीय अभ्यर्थी के तौर पर 2 सेट में नामनिर्देशन पत्र दाखिल किया।

5.बाबू लाल मराण्डी पिता स्व. छोटू मराण्डी, ग्राम– कोदाईबाँक, पोस्ट – चन्दौरी, थाना – तिसरी, जिला– गिरिडीह ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्यार्शी ने 4 सेट में नामनिर्देशन पत्र दाखिल किया।

6.निरंजन राय पिता सूर्यनारायण राय, ग्राम– पपीलो, पो०– पपीलो, थाना – तिसरी, जिला गिरिडीह, झारखण्ड 815317 ने निर्दलीय अभ्यर्थी के तौर पर 2 सेट में नामनिर्देशन पत्र दाखिल किया।

7.दीपा देवी पति निरंजन कु० राय, ग्राम– पपीलो, पो०– पपीलो, थाना – तिसरी, जिला गिरिडीह, झारखण्ड 815317 ने निर्दलीय अभ्यर्थी के तौर पर 2 सेट में नामनिर्देशन पत्र दाखिल किया।

8.भरत यादव पिता मेघु महतो, ग्राम– पपीलो, पोस्ट– पपीलो, थाना– तिसरी, जिला– गिरिडीह, पिन कोड 815317 ने निर्दलीय अभ्यर्थी के तौर पर 1 सेट में नामनिर्देशन पत्र दाखिल किया।

9.इमरान अंसारी पिता इसमाईल अंसारी, ग्राम$पोस्ट – चरकी, थाना– गावां, जिला– गिरिडीह– 815313 ने निर्दलीय अभ्यर्थी के तौर पर 1 सेट में नामनिर्देशन पत्र दाखिल किया।

10.ब्रह्मदेव टुडू पिता प्रकाश टुडू, ग्राम– गोरियाचू, पो० – चरकी, थाना– गाँवा, जिला– गिरिडीह (झारखण्ड), पिन – 815313 ने निर्दलीय अभ्यर्थी के तौर पर 2 सेट में नामनिर्देशन पत्र दाखिल किया।

11.अकलेश्वर साव पिता लक्ष्मण साव, ग्राम– मोदीबीघा, पोस्ट – चंदौरी, थाना– तिसरी, जिला– गिरिडीह, झारखण्ड, ने लोकहित अधिकार पार्टी के अभ्यर्थी के तौर पर 2 सेट में नामनिर्देशन पत्र दाखिल किया।

12.रामेश्वर प्रसाद यादव पिता जगदीश प्रसाद यादव, ग्राम सुरही, पो० करिहारी, थाना हिरोडीह, जिला– गिरिडीह, झारखण्ड, पिन– 825412 निर्दलीय अभ्यर्थी के तौर पर 2 सेट में नामनिर्देशन पत्र दाखिल किया।

13.मो सगीर पिता सदिक मियां, ग्राम– बसगी, डाक– तारानाखो, थाना– धनवार (ओ०पी० घोड़थम्बा), जिला– गिरिडीह, पिन– 825418, निर्दलीय अभ्यर्थी ने पुनः 01 सेट में नामनिर्देशन पत्र दाखिल किया।

वहीं कुल 03 (तीन) अभ्यर्थियों के द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की खरीद की गई। 1. मो. दानीश पिता मोहम्मद मुस्ताक, ग्राम मरकच्चों, पोस्ट मरकच्चों, थाना मरकच्चों, जिला कोडरमा, 2. मन्ना विनय बास्के पिता राम बास्के, ग्राम आमझार, पोस्ट किसगो, देवरी, जिला गिरिडीह 3. मुकेश कुमार वर्मा पिता इश्वरी ग्राम पोस्ट पोबी, थाना जमुआ, जिला जमुआ, जिला गिरिडीह। आज दिनांक 28.10.2024 तक 12 अभ्यर्थी एवं 01 प्रस्तावक सहित कुल 31 नामनिर्देशन पत्र समर्पित किया है।

# वरिष्ठ नागरिक एवं मुख बधिर बच्चे हमारे समाज का हिस्सा है, उनका सम्मान व देखभाल करना हमारा कर्तव्य है : शेफाली गुप्ता



लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** दिपावली से पूर्व भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने ओल्ड एज होम एवं मुख बधिर विद्यालय में दिन सोमवार को दीपोत्सव का त्यौहार मनाया। इस अवसर पर ओल्ड एज होम निवास कर रहे वरिष्ठ नागरिक एवं मुख बधिर विद्यालय अध्ययनरत बच्चों को मिठाई खिलाकर दिपावली की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। मुख बधिर विद्यालय के पठनपाठन कक्ष में अंधेरे के कारण मुख बधिर बच्चों को पढाई लिखाई में काफी कठिनाई हो रही थी। इसे संज्ञान में लेकर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता द्वारा पठनपाठन कक्ष में ट्यूब लाईट लगाया गया। उन्होंने विद्यालय परिवार को हर संभव सहयोग करने का भरोसा एवं विश्वास दिया।

मुख बधिर बच्चों के चेहरे पर निश्चल मुस्कान एवं अपनापन के भाव से काफी सुखद एहसास कराया। वहीं ओल्ड एज होम में निवास कर रहे तीन वरीष्ठ नागरिकों को आंखों से दृश्य को देखने में काफी कठिनाई होती थी। जिसको लेकर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने तीन वरीष्ठ नागरिकों को डॉक्टर्स से आंखों का चेकअप कर चश्मा भेंट किया। इस क्रम में विगत कुछ दिन पूर्व पटाखे फोड़ने के क्रम में एक महिला का गंभीर रूप से हाथ जल गया था। उनका कुशलक्षेम प्राप्त किया।

साथ ही हजारीबाग जिला वासियों से वरीष्ठ नागरिकों के बीच पटाखे ना फोड़ने का अपील की। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने वरीष्ठ नागरिकों के अपनापन के स्नेह एवं मुस्कान से काफी अभिभूत हुई। हरेक सुख– दुख मे साथ निभाने का वादा किया। इस क्रम में वृद्धजनों से ढेर सारा शुभ आशीर्वाद भी प्राप्त किया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि हर कोई अपनों के दुख– सुख में शामिल होकर अपनत्व का भाव जागृत करते हैं। लेकिन जरूरतमंदों के दुख– सुख में शामिल होने का अपनत्व का भाव बेहद ही अलग होता है।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक एवं मुख बधिर बच्चे हमारे समाज का हिस्सा है, उनका सम्मान व देखभाल करना हमारा कर्तव्य है। उनके अनुभव और आशीर्वाद हमें प्रेरित करते हैं। मौके पर भाजपा अनुसुचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल वाल्मीकि एवं रोहित राम सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# एमसीएमसी, फेक- पेड न्यूज़, सोशल मीडिया से संबंधित प्रशिक्षण आयोजित

लोकतंत्र की आवाज





**मामलोत सेख**

**साहेबगंज।** विधान सभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य मीडिया कर्मियों का आदर्श आचार संहिता, फेक न्यूज़, पेड न्यूज़ एवं सोशल मीडिया से सम्बंधित पंचायतीराज कार्यालय हॉल में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि आदर्श आचार संहिता उस दिन से लागू हो जाती है जिस दिन आयोग निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करता है।

चुनाव कार्य के प्रभारी पदाधिकारियों को आपसे यह सहयोग कि अपेक्षा होती है कि आचार संहिता का पूरी ईमानदारी के साथ पूर्ण पालन हो ताकि चुनाव कार्य सुचारु और निष्पक्ष से रूप से आयोजित की जा सके यदि यह देखा जाता है कि किन्ही के द्वारा आचार संहिता का अनुपालन नहीं हो रहा है तो इसके लिए त्वरित कार्यवाही करने का प्रावधान है।

सभी अभ्यर्थियों द्वारा पेड न्यूज़ पर किये गए व्यय का विवरण देना अनिवार्य है। इसकी मोनिटरिंग मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मोनिटरिंग कमिटी (टउटउ) के द्वारा लगातार की जाएगी। ऐसे विज्ञापन का खर्च अभ्यर्थी के व्यय में जोड़ा जाएगा जिसकी अधिकतम सीमा 40 लाख है।

जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष में चौबीसों घंटे चालू एक कॉल सेंटर की स्थापना की गयी है जो निर्वाचन की घोषणा की तारीख से ही प्रारंभ हो चुकी है। इस कॉल सेंटर को एक टोल–फ्री दूरभाष संख्या दी गयी है, जिसका जनता में व्यापक प्रचार किया जाना है, जिससे निर्वाचन से संबंधित भ्रष्ट आचरणों के बारे में निर्वाचन अनुवीक्षण तंत्र को सूचना दी जा सके। नियंत्रण कक्ष और कॉल सेन्टर का उत्तरदायित्व एक वरिष्ठ अधिकारी को दिया जाता है जो शिकायतें प्राप्त करने और रिकॉर्ड करने तथा उसे संबंधित अधिकारी या उड़न दस्तों को पहुंचाने के लिए उत्तरदायी होते हैं, जिससे बिना विलम्ब के कार्रवाई की जा सके। 24 घंटे टेलीफोन लाईन पर उपलब्ध रहने के लिए कॉल सेन्टर को पर्याप्त कर्मचारी दिए जाते हैं।

किसी भी व्यक्ति द्वारा की गई सभी मौखिक शिकायते, शिकायत रजिस्टर में रिकार्ड की जाती है और प्रत्येक शिकायत के सामने समय दर्ज करना होता है और उसकी प्रविष्टि दिए गए फार्मेट रजिस्टर में की जाती है। व्यय से संबंधित शिकायते तुरन्त उड़न दस्ते के सम्बन्धित अधिकारी को भेज दी जाती है जिसकी एक प्रति रिटर्निंग अधिकारी और व्यय प्रेक्षक को देना होता है और यदि शिकायत आदर्श आचार संहिता से संबंधित है, तो एक प्रति सामान्य प्रेक्षक को भी देनी होगी। नियंत्रण कक्ष सुचारू रूप से कार्य कर रहा है और शिकायत अग्रतर कार्रवाई हेतु तुरन्त आगे भेजी जा रही है यह सुनिश्चित करने के लिए व्यय प्रेक्षक और सामान्य प्रेक्षक समय–समय पर इस रजिस्टर का निरीक्षण करते हैं।

प्रत्येक जिले में एक मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) स्थापित की जाती है। यदि मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति को प्रिंट मीडिया में कोई विज्ञापन के प्रकाशन की सूचना मिलती है, तो वे इसे व्यय प्रेक्षक की जानकारी में लाएंगे और उसकी एक प्रति साक्ष्य फोल्डर में रखेगे। इस विज्ञापन पर हुए व्यय का छाया प्रेक्षण रजिस्टर में उल्लेख किया जाएगा।

अभ्यर्थी के रजिस्टर के निरीक्षण के दौरान उन्हें इसकी सूचना दी जाएगी। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127क के अधीन कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के चुनावी पैम्फलेट या पोस्टर, हँडबिल या अन्य दस्तावेज प्रकाशक व मुद्रक के नाम, पता वर्णित किए बिना और प्रकाशक की घोषणा, जो कि दो व्यक्तियों द्वारा अनुप्रमाणित की गई हो, प्राप्त किए बगैर निर्वाचन के लिए प्रकाशित व मुद्रित नहीं करेंगे। यह ऐसे प्रेस की जिम्मेदारी है कि वह दस्तावेज के मुद्रण के बाद युक्तिसंगत समय के भीतर जिला निर्वाचन अधिकारी / मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दस्तावेज की प्रति के साथ घोषणा की प्रति सौंपे।

भारतीय प्रेस परिषद द्वारा ₹पेड न्यूज₹ को इस प्रकार परिभाषित किया गया है कि 'कोई भी खबर या विश्लेषण जो (प्रिन्ट या इलेक्ट्रॉनिक) मीडिया में नकद या अन्य किसी रूप में प्रतिफल के लिए प्रकाशित किया गया हो। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) सभी समाचार पत्रों, प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, केबल नेटवर्क, मोबाइल नेटवर्क और जन–संचार के अन्य माध्यमों जैसे बल्क रटर आदि देखेंगे और अभ्यर्थियों और पार्टियों से संबंधित विज्ञापनों, संदेशों, चर्चाओं और साक्षात्कारों का रिकॉर्ड रखेंगे। यह समिति विहित फार्मेट में प्रत्येक अभ्यर्थी से संबंधित दैनिक रिपोर्ट लेखाकरण टीम को देगी तथा उसकी प्रति रिटर्निंग ऑफिसर व व्यय प्रेक्षक को देगी। यह रिपोर्ट पेड न्यूज के आकलित मामलों के समर्थक दस्तावेजों की कटिंग / क्लिपिंग, संबंधित टीवी और रेडियों विज्ञापनों की रिकॉर्डिंग सहित अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन विज्ञापन पर किए गए व्यय के संबंध में होगी, जिसे छाया प्रेक्षण रजिस्टर में भी शामिल किया जाएगा।

ऐसे प्रकाशन पर व्यय न दिखाए जाने के लिए रिटर्निंग अधिकारी द्वारा पेड न्यूज की घटना के संबंध में व्यय प्रेक्षक की सलाह से अभ्यर्थी को नोटिस जारी किया जाएगा। व्यय प्रेक्षक द्वारा 24 घंटे के अंदर पेड न्यूज की रिपोर्ट और उसकी एक प्रति निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रसारित / परिचालित टी०वी० चैनल / रेडियो चैनल / समाचार पत्रों से मानक रेट कार्ड प्राप्त कर, लेखा दल को विज्ञापनों की दरों की गणना के लिए देंगे। लेखा टीम निहित व्यय की दर से गणना करेगी और इसका उल्लेख छाया प्रेक्षण रजिस्टर में करेंगे। व्यय प्रेक्षक निरीक्षण के समय इस प्रकार की विसंगतिया को अभ्यर्थी / उसके निर्वाचन एजेन्ट के ध्यान में लायेंगे और पेड न्यूज पर किये गये व्यय की विसंगतियों का अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय रजिस्टर में उल्लेख करेंगे।

? ऐसे सभी नोटिसों की प्रतिलिपि रिटर्निंग अधिकारी के नोटिस बोर्ड और जिला निर्वाचन वेबसाइट / मुख्य निर्वाचन अधिकारी वेबसाइट में पेड न्यूज के साथ प्रदर्शित की जानी चाहिए। इनकी एक प्रति जनता के किसी भी सदस्य को 1/–रु प्रति पृष्ठ का भुगतान करने पर दी जा सकती है।

अतः प्रसारण से पहले उम्मीदवार को अपना हर विज्ञापन इस समिति के सामने पेश करना होगा विज्ञापन के लिए किए गए भुगतान की जानकारी देनी जरूरी है। मीडिया के किसी पक्ष द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान की प्रक्रिया को प्रभावित करने और मनमाने ढंग से उसको इधर से उधर मोड़ने की कोशिश से बचना चाहिए। आप एक पुरानी खबर को पेपर में नहीं छाप सकते लेकिन एक पुरानी खबर को टीवी पर चलाया जा सकता हैं। कई बार ऐसा होता है कुछ टीवी चैनल जनता का ध्यान भटकने के लिए उसका इस्तेमाल करते हैं जो की पूरी तरह से गलत है।

ऐसी खबर जिसको लिखने के लिए पैसा मिलता हो और प्रत्याशी के फेवर में हो पूरी तरह से नैतिक और कानूनी आधार पर गलत मानी जाती है क्योंकि पैसे लेकर किसी खबर को चलना गलत है। ऐसा होने पर, मीडिया इंडस्ट्री पर लोगों का जो भरोसा है, वह समाप्त हो सकता है जो बहुत ज्यादा हानिकारक है।

अतः हमें न्यूज़ और एडवर्टाइजमेंट में अंतर को समझते हुए अपना काम करना चाहिए। एडवर्टाइजमेंट किसी चीज को प्रमोट करने के लिए होता है जबकि न्यूज़ इन्फॉर्म करने के लिए होता है, जिसपर जनता विश्वास करती है। अतः ऐसा न्यूज़ जो स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन तथा मतदाताओं को प्रभावित करता हो, धन शक्ति की भूमिका को प्रोत्साहित करता हो, से बचना चाहिए यह ध्यान रखना चाहिए कि सभी कैंडिडेट को एक समान स्तर उपलब्ध हो। वास्तविक प्रचार अभियान पर रिपोर्टिंग करते समय, एक समाचार पत्र को सभी कैंडिडेट पर सामान दृष्टि रखना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नवगछिया को पूर्ण जिला का दर्जा मिले जदयू जिला अध्यक्ष ने सौपा मुख्यमंत्री को ज्ञापन



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। सोमवार को पटना एक अणे मार्ग मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित एनडीए गठबंधन की बैठक में सभी सांसद विधायक विधान परिषद सदस्य एवं समस्त जिला अध्यक्षों की बैठक हुई। इसी बैठक में नवगछिया जदयू जिला अध्यक्ष त्रिपुरारी कुमार भारती ने माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को नवगछिया को पूर्ण जिला का दर्जा मिले इसके लिए उन्हें एक ज्ञापन सौपा साथ ही भागलपुर जिला अंतर्गत रंगरा प्रखंड के झल्लू दास टोला एवं जानी दास टोला में बोल्डर पिचिंग का काम कराए जाने को लेकर भी ज्ञापन दिया। वर्ष 2019 से ग्राम पंचायत तीनटंगा दियारा दक्षिण के ज्ञानी दास टोला बिन्दटोली, झल्लू दास टोला, उसरहिया में भीषण कटाव जारी है। ज्ञानी दास टोला में गंगा नदी के कटाव से करीब 250 घर कट कर गंगा में विलीन हो गया है। साथ ही खरीक प्रखंड के पंचायत खैरपुर ग्राम काजीकौरिया में गंगा नदी से विस्थापित लगभग 200 परिवार को बसाने हेतु जमीन मुहैया कराने को लेकर भी इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जिला अध्यक्ष ने ज्ञापन के द्वारा इससे अवगत कराया। वही नवगछिया को पूर्ण जिला का दर्जा को लेकर पूर्व में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनसभाओं में नवगछिया को पूर्ण जिला का दर्जा देने की बात कही थी। नवगछिया अनुमंडलवासी बहुत सालों से नवगछिया अनुमंडल को पूर्ण जिला का दर्जा मिले इसका इंतजार कर रहे हैं।

### सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि मनुष्य का मन शांत और एकाग्र हो



लोकतंत्र की आवाज
पूसा/समस्तीपुर। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा में चल रहे दीक्षारंभ कार्यक्रम के दौरान हर्टफुलनेश फाउंडेशन की ओर से ध्यान, मेडिटेशन एवं एकाग्रता के बारे में विस्तार से जानकारी और प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए कुलपति डॉ. पी एस पांडेय ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि मनुष्य का मन शांत और एकाग्र हो। हर्टफुलनेश फाउंडेशन की ओर से जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है उससे छात्रों को जीवन के विभिन्न परिस्थितियों में फायदा मिलेगा और पढ़ाई को लेकर एक उत्साह भी बना रहेगा। हर्टफुलनेश फाउंडेशन की ओर से डा. निवेदिता श्रेयांस, सुमित नारंग, मनोज कुमार और सोनी कुमारी ने छात्रों को प्रशिक्षण दिया और उनके विभिन्न प्रश्नों के उत्तर भी दिये।कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन डॉ. अंजनी कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नीलांजय ने किया। कार्यक्रम के दौरान डीन पीजीसीए डॉ. मयंक राय, डीन बेसिक साइंस डॉ. अमरेश चंद्रा, डीन इंजीनियरिंग डॉ. राम सुरेश वर्मा, डॉ. विनीता सत्पथी, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. महेश कुमार, डॉ.शिवपूजन आदि मौजूद थे

### कृषि को लाभकारी बनाने के लिए खेती के साथ–साथ पशुपालन को बढ़ावा देने की जरूरत



लोकतंत्र की आबाज
पूसा/समस्तीपुर। प्रखंड प्रमुख रविता तिवारी ने कहा कि कृषि को लाभकारी बनाने के लिए खेती के साथ–साथ पशुपालन को बढ़ावा देने की जरूरत है। इसमें डेयरी को बढ़ावा देना समय की मांग है। इसके विकास को लेकर सरकार पशुपालको को हर संभव सहायता देने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा की इस दिशा में दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति एक बेहतर प्लेटफार्म है। प्रखंड प्रमुख सोमवार को पूसा के दक्षिण हरपुर पंचायत स्थित भुसकौल दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड के दूसरे बोनस वितरण समारोह के मौके पर पशुपालको को संबोधित कर रही थी।समिति के सचिव रजनीश कुमार सूरज की अध्यक्षता व पप्पू कुमार के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रविता तिवारी, खानपुर प्रमुख सत्री हजारी, बीडीओ रविश कुमार रवि, मिथिला दुग्ध उत्पादक संघ के अध्यक्ष उमेश राय आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान करीब 4 सौ किसानों के बीच 5 लाख एक हजार 125 रूपये की राशि, बर्तन, कपड़े व अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में आगत अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति से जुड़े रजनीश कुमार, पप्पू कुमार व रौशन कुमार ने किया। मौके पर दुग्ध उत्पादक संघ के पूर्व अध्यक्ष श्याम शंकर ठाकुर, हरपुर के सरपंच संजय कुमार साह, पंसस ताराचंद मेहता, पंसस प्रेमा देवी, धोवगामा मुखिया राजीव कुमार, अध्यक्ष सुबोध महतो, गणेश राय, संघ के निदेशक मंडल सदस्य राजीव मिश्र, राम बिनोद पंडित, प्रभारी संग्रहण भागवत दयाल यादव आदि मौजूद थे

### छठ पर्व को लेकर नगर पंचायत में शांति समिति की हुई बैठक



लोकतंत्र की आवाज
सुनील कुमार मिश्र (मगध ब्यूरो)
औरंगाबाद। जिले के रफीगंज नगर पंचायत कार्यालय में छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक कार्यपालक पदाधिकारी शहाब याहया के देख रेख में किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि सभी लोग आस्था का महापर्व छठ आपसी भाईचारा,सौहार्द, शांतिपूर्ण मनाये। शहरी क्षेत्र के घाटों पर नगर पंचायत के द्वारा साफ सफाई का कार्य किया जाए। सभी घाटों पर लाइट की व्यवस्था भी किया जाएगा। सड़क को दुरुस्त भी किया जाएगा। किसी तरह का छठ व्रतियों को परेशानी न हो इसका भी ध्यान रखा जाएगा।आजाद वीर संघ एवं आर बी आर महादेव स्थान पूजा कमिटी के सदस्यों ने छठ घाटो की समस्या से अवगत कराया गया। इस मौके पर स्वच्छता पदाधिकारी आनंद कुमार, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि दिलीप कुमार उर्फ कारु, पूर्व उप मुख्य पार्षद हरेंद्र कुमार, प्रधान सहायक पवन कुमार, वार्ड पार्षद नुरुल होदा खान, सुबोध कुमार, मदन चौधरी,राजेश गुप्ता,राजू मिश्र, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विशाल कुमार , राजेंद्र यादव,राजद नेता रणविजय यादव, राजू गुप्ता, कुंदन कुमार, ओम प्रकाश कुमार, साकेत कुमार, धीरज कुमार, मंटू कुमार ,सत्येंद्र यादव, धनराज कुमार, गुड्डू यादव, अजय चौधरी, सुशील कुमार, मदन सिंह, सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# पीरपैंती में आयोजित शिविर में दिव्यांगजनों की भीड़ उमड़ी



**लोकतन्त्र की आवाज**
**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड कार्यालय परिसर में दिव्यांग जनों , यूडीआईडी तथा निशक्तता प्रमाण पत्र के लिए आवेदन जमा करने के लिए प्रखंड कार्यालय में भीड़ उमड़ पड़ी। यूआईडी कार्ड बनाने के लिए 144 आवेदन प्राप्त हुआ। निःशक्त प्रमाण पत्र के लिए 333 आवेदन पत्र जमा किया गया । यूडी आइडी प्रमाण पत्र से दिव्यांग जनों को राष्ट्रव्यापी विशेष पहचान, सरकारी लाभ प्राप्त करने, रेलवे किराए में रियायत और लोन में छूट देने के लिए बनाया जा रहा है। प्रखंड कार्यालय में अगले दिन भी प्रमाण पत्र जमा करने की सूचना है।

# बिजनौर लॉरेंस बिश्नोई का भय बैक फुट पर आए पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी

लोकतंत्र की आवाज



- 12 घंटे में लॉरेंस बिश्नोई का खात्मा करने की वीडियो की थी वायरस 24 घंटे में ही बैक फुट पर आ गए पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
गस्योहारा लॉरेंस बिश्नोई को बुरा कहने पर बिहार के सांसद पप्पू यादव की तर्ज पर स्योहारा नगर पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी भी बैकफुट पर नजर आये रविवार को नपा अध्यक्ष फैसल वारसी की लॉरेंस विश्नोई का 12 घंटे में खत्म करने का समाचार प्रकाशित होने पर पालिकाध्यक्ष ने एक विडिओ जारी किया जिसमे उसने कहा कि उसका मतलब लॉरेंस विश्नोई को खत्म करने से नहीं था।

उसने बाबा सिद्दीकी को नेक इंसान बताते हुए उनसे न मिल का खात्मा कर सकते हैं। रविवारको प्रमुख समाचार पत्रों में नपा अध्यक्ष फैसल वारसी का प्रसारित विडिओ का समाचार प्रकाशित होने पर पालिकाध्यक्ष बैकफुट पर आ गए, उन्होंने कहा बाबा सिद्दीकी गरीबों का मसीहा थे उनके मरने पर अफसोस हुआ जिसके चलते मैंने केवल नेटवर्क खत्म करने को कहा था लॉरेंस विश्नोई को गोली मारने के लिए नहीं कहा था मेरे कहने का मतलब था कि मुंबई में भी लायन ऑर्डर मेंटेन किया जाए अगर लायन आर्डर मेंटेन होता तो बाबा सिद्दीकी का मर्डर नहीं होता जब भी ऐसे नेक दिल इंसान का मर्डर होता है तब मुझे पाने पर दुःख प्रकट किया था साथ ही उन्होंने कहा था यदि बाबा सिद्दीकी की हत्या करने वाला लॉरेंस विश्नोई समाज के लिए धब्बा है। सरकार यदि उन्हें इजाजत दे तो बह 12 घंटे में लॉरेंस विश्नोई व् उसके नेटवर्क

नगर पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी ने अपनी फेसबुक आईडी पर दो सप्ताह पूर्व एक लाइव विडिओ प्रसारित किया था जिसमे अफसोस होता है। फैसल वारसी ने लॉरेंस के नेटवर्क के खात्मे की कही थी बात महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्याकांड के बाद फैसल वारसी का एक सोशल मीडिया पोस्ट काफी सुर्खियों में आ गया था. इसमें उन्होंने लारेंस बिश्नोई को अपराधी करार दिया था. बाबा सिद्दीकी की हत्या 12 अक्टूबर को हुई थी. इसी के बाद फैसल वारसी यादव ने पोस्ट में कहा था कि अगर कानून इजाजत देता है तो वह 12 घंटे के अंदर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नेटवर्क को खत्म कर देंगे।

# एसीएमओ डॉ प्रमोद देशवाल ने झोला छाप डॉक्टरों के विरुद्ध आधी अधूरी कार्यवाही कर शालीपुर कोटरा में डॉ अफजाल हयात का क्लीनिक किया सील

लोकतंत्र की आवाज





**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
**नगीना।** तहसील में वैसे तो झोलाछाप डॉक्टरों की बाढ़ आ गई है लेकिन एसीएमओ प्रमोद देशवाल की पकड़ से दूर है झोलाछाप डॉक्टर, दूसरी बार एसीएमओ का चार्ज संभालने के बाद प्रमोद देशवाल ने नगीना तहसील के नगर नगीना में जहां हर गली मोहल्ले में झोलाछाप डॉक्टरो की दुकान खुली हुई है। लेकिन डॉक्टर प्रमोद देशवाल ने नगीना तहसील के नगर में फिर दो दुकान पैथोलॉजी लैब की सील की बाकी झोलाछाप डॉक्टरों को अभयदान देकर छोड़ रखा है। अब सोचने का विषय यह है कि क्या नोडल अधिकारी प्रमोद देशवाल को नगीना तहसील में दो ही दुकान दिखाई है बाकी झोलाछाप डॉक्टरो की दुकाने नजर नहीं आई जहां नगीना तहसील में झोलाछाप डॉक्टरों की दुकान खुली हुई है।

यह झोलाछाप डॉक्टर इंजेक्शन से लेकर बोतल तक लगा रहे हैं। और लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करते नजर आ रहे हैं। कई झोलाछाप डॉक्टर की तो इससे पहले भी वीडियो वायरल हो चुकी है। लेकिन डॉक्टर प्रमोद देशवाल इन झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई करने में असमर्थ दिखाई दे रहे हैं। जहां सीएमएस इडी के रजिस्ट्रेशन पर धडेले से दवाइयां का प्रयोग कर इंजेक्शन व बोतलों का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। वही नगीना शहर से लेकर गांव में भी लोगों ने अपने अस्पताल के सामने बड़ी–बड़ी फ्लेक्सी बोर्ड लगाकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। जहां अस्पतालों की फ्लेक्सी पर एमबीबीएस तक की डिग्री इन झोलाछाप डॉक्टर ने लिखवा रखी है तीसरी दुकान डॉक्टर प्रमोद देशवाल ने आज शयालीपुर कोटरा में सील की लेकिन जो झोलाछाप डॉक्टरो ने व्हाट्सएप ग्रुप चलाकर सीएमओ की आने की सूचना का ग्रुप में आदान–प्रदान किया जा रहा था उस पर भी एसीएमओ ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# जरासंध जयंती की तैयारी को लेकर चन्द्रवंशी चेतना परिषद की बैठक

लोकतंत्र की आवाज



**सुनील कुमार मिश्र( मगध ब्यूरो)**
**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज के आर बी आर खेल मैदान के पास हरिनगर मुहल्ले में चंद्रवंशी चेतना मंच की बैठक आयोजित की गयी । अध्यक्षता रामानंद सिह चन्द्रवंशी एवं संचालन मनोज चन्द्रवंशी ने किया। आये अतिथियों को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर कर स्वागत किया गया। चेतना परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद सिंह चन्द्रवंशी ने मगध सम्राट जरासंध के जीवनी पर विस्तृत चर्चा किया। उन्होने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया और एकताबद्ध में रहने को कहा। उपस्थित लोगो के बीच समाज को जागरूक करने को कहा।

बैठक में आगामी 7 दिसम्बर को पटना के मिलर उच्च विद्यालय के मैदान में मगध सम्राट जरासंध जयंती उत्सव सह चन्द्रवंशी स्वाभिमान रैली में अधिक संख्या मे पहुंचने का अपील किया और रैली को सफल बनाने के लिए लोगो को जिम्मेवारी दिया। इस अवसर पर बब्लू सिंह चंद्रवंशी, अरविंद राज सिंह, अनिल चंद्रवंशी,संतोष कुमार, उदय सिंह, छोटू कुमार, आशुतोष कुमार, राकेश चन्द्रवंशी, धर्मेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, बाबू सिंह, अनूज कुमार, गणेश चन्द्रवंशी, बिकू उर्फ विरेंद्र चन्द्रवंशी, अरूण कुमार, रामजीवन सिंह, सत्येन्द्र सिंह, उमेन्द्र कुमार, विनोद चन्द्रवंशी, सत्येंद्र सिंह, जैनेन्द्र उर्फ भिखारी जी, किशोरी सिंह, अक्षवर चन्द्रवंशी, नीरज कुमार, ओम प्रकाश सिंह, राजू कुमार, फेकन सिंह, सुरेंद्र सिंह, संजीत कुमार चंद्रवंशी, उपेंद्र कुमार, पिन्टू कुमार, प्रवीण कुमार, रंजन सहित अन्य लोग उपस्थित थे

# बिजनौर में विचाराधीन बंदी की मौत: जेल में आया पैरालिसिस अटैक

लोकतंत्र की आवाज़



**रिपोर्ट जसवीर सिंह**
**बिजनौर।** उत्तरप्रदेश के मंडल मेरठ मे ले जाते समय गई जान, 307 के मामले में बंद था जिला जेल में बंद बंदी की मौत हो गई। बिजनौर जिला जेल में बंद एक विचाराधीन बंदी की बीमारी के चलते इलाज के दौरान मौत हो गई है। बंदी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और कानूनी कार्रवाई में जुट गई।

बिजनौर जिला कारागार में बन्द एक बंदी की इलाज के दौरान मेरठ ले जाते समय मौत हो गई। मृतक नफीस चांदपुर क्षेत्र का रहने वाला था और 307 के मामले में 10 अक्टूबर को चांदपुर से जेल में आया था। देर रात नफीस की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसे फौरन अस्पताल ले जाया गया। यहां से डॉक्टरों ने मेरठ रेफर कर दिया। मेरठ ले जाते समय नफीस की मौत हो गई।

**पैरालिसिस का आया था अटैक:** जिला जेल के जेलर रविन्द्र नाथ का कहना है की बन्दी नफीस 10 अक्टूबर को जिला कारागार में आया और उसके बाद ही उसको पैरालिसिस का अटैक आने पर उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। वहां से ठीक होने पर उसे वापस जेल लाया गया था, जहां पर उसकी देर रात ज्यादा तबीयत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। यहां से उसकी स्थिति नाजुक देखते हुए मेरठ मेडिकल के लिए रेफर किया गया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है अन्य कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# वीरेंद्र सिंह यादव के भाजपा में तब्दील होने से कई गांव के लोगों ने दिया समर्थन

लोकतंत्र की आवाज़



- समर्थन किए गए सभी मतदाता को वीरेंद्र सिंह यादव व दिनेश यादव योगेंद्र तुरी उप मुखिया तथा उदेश यादव नें अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित
- पांकी विस में परिवर्तन की बयार, अबकी बार भाजपा के उम्मीदवार : डॉ शशि भूषण मेहता
- भाजपा उम्मीदवार डॉक्टर शशी भूषण मेहता के पक्ष में वोट के लिए गोलबंद हो रहे दर्जनों वॉटर मतदाता

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**मेदिनीनगर।** इस बार 75 पांकी विस क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार डॉक्टर शशी भूषण मेहता के पक्ष में दिन मंगलवार को वीरेंद्र सिंह यादव मनातू प्रखंड के नेतृत्व में विभिन्न गांवों का दौरा कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

उनके कार्य से कई कार्यकर्ता खुश होकर कई गांव के लोगों ने दिया भाजपा को समर्थन कोहबारीय केदल फुला पखा के कई कार्यकर्ता मतदाताओं से डॉ शशि भूषण मेहता के पक्ष में मतदान करने की बात कही गई। वीरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि पांकी विधानसभा में परिवर्तन की इस बार बयार बह रही है। अबकी बार भाजपा को काफी जनसमर्थन मिल रहा है। सभी मतदाता मतदान डॉक्टर शशी भूषण मेहता के पक्ष में अधिक से अधिक वोट देकर जिताने के कृपा करें। समर्थन किए गए सभी मतदाता को वीरेंद्र सिंह यादव व दिनेश यादव योगेंद्र तुरी उप मुखिया तथा उदेश यादव नें अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित।

डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा है कि जब हम जीत कर आएंगे, तो क्षेत्र के जनता के विकास एवं उनके स्वावलंबन हेतु वृहत रूप से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश लोग कृषि पर अपनी जीवन–बसर कर रहे हैं। कृषि में तकनीकी विकास किया जाएगा। तकनीक आधारित खेती से किसानों की आय बढ़ेगी और वह समयबद्ध तरीके से खेती कर सकेंगे। इसके अलावा सिंचाई योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम होगा। इससे किसानों के खेत को पानी मिल सकेगा और किसान अनाज का अधिक उत्पादन कर अपनी आमदनी बढ़ा सकेंगे।

साथ ही पांकी विस क्षेत्र के युवाओं में जो बेरोजगारी का आलम है, उसे भी दूर किया जायेगा। युवाओं को रोजगार दिलाने से लेकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के दिशा में कार्य किया जाएगा। जनसंपर्क अभियान में भाजपा के कई नेताओं के साथ–साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं मतदाता उपस्थित रहे। उप मुखिया जोगिंदर तुरी, दिनेश यादव, अरबिंद सिंह, बिदेसी सिंह, अनुज, संतोष, सिंह, उदेश सिंह, शंकर सिंह, गुडु सिंह, सभी ग्राम केदल के नागरिक मौजूद थे।


लोकतंत्र की आवाज स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।